दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




आगे खिसकी द डिप्लोमैट..



सामंथा लव लाइफ को रखेंगी ...


वर्ष : 11 | अंक : 71 | लखनऊ, 27 फरवरी, गुरुवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# योगी सरकार ने जारी किया आदेश

## यूपी में आउटसोर्सिंग कर्मियों की भर्ती के लिए नियमों में हुए बदलाव

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में अब आउटसोर्सिंग पर चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल निर्धारित की गई है। अभी तक इन पदों पर भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई थी। यही नहीं जिस जिले का विद्यालय होगा, उसी जिले के स्थानीय निवासी को भर्ती किया जाएगा। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा उमेश चंद्र की ओर से मंगलवार को आउटसोर्सिंग पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों की भर्ती के लिए संशोधित शैक्षिक अर्हता सहित अन्य बदलाव को शासनादेश जारी कर दिया गया।



### अभी तक इंटरमीडिएट पास अभ्यर्थी की ही की जा सकती थी भर्ती

बता दें कि बीते 28 अक्टूबर 2022 को जारी शासनादेश के अनुसार, इन पदों पर इंटरमीडिएट पास अभ्यर्थी की ही भर्ती की जा सकती थी। यही नहीं अभी तक प्रदेश भर में किसी भी जिले के विद्यालय में अभ्यर्थी भर्ती के लिए आवेदन कर सकता था, लेकिन अब सिर्फ वह अपने जिले के विद्यालय में ही भर्ती के लिए आवेदन कर सकेगा।

### अभ्यर्थियों के पास कम होंगे भर्ती के अवसर

फिलहाल, इससे अभ्यर्थियों के पास भर्ती के अवसर कम होंगे। विभाग स्थानीय लोगों को ही भर्ती का अवसर इसलिए दे रहा है कि सफाई कर्मी सहित अन्य पदों पर निर्धारित मानदेय इतना नहीं है कि दूसरे जिले में रहकर कोई युवा नौकरी कर सके। वहीं, स्थानीय लोगों को वरीयता देने से लोगों को अपने घर के नजदीक आसानी नौकरी मिल सकेगी।

### आउटसोर्स कर्मियों का पारिश्रमिक न्यूनतम 16 हजार से 18 हजार रुपये

बता दें, अपने नौवें बजट में योगी सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए सरकार ने आउटसोर्स कर्मियों का पारिश्रमिक न्यूनतम 16 हजार से 18 हजार रुपये तक करने का एलान किया है। अभी तक उन्हें आठ-दस हजार रुपये ही मिलते थे। इसकी प्रक्रिया को सुनियोजित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन भी किया जाएगा। महापुरुषों के नाम से भी कई योजनाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार रुपये की धनराशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये और विधवा पुनर्विवाह व उनकी पुत्रियों के विवाह के लिए अनुमन्य सहायता राशि को भी एक लाख रुपये कर दिया गया है।

# पीड़ितों को अपमानित करना सीएम योगी का स्वभाव : अखिलेश यादव



**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री में भावनात्मक संवेदना नहीं हैं। वे अमर्यादित और अलोकतांत्रिक भाषा का प्रयोग करते हैं। पीड़ित, दुखी लोगों को अपमानित करना उनका स्वभाव है। आस्था को व्यापार बना दिया है। दान, पुण्य, सेवा का कुंभ उनके लिए तीन लाख करोड़ का कारोबार बन गया है। अखिलेश ने कहा कि सत्ता के अहंकार में भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों, विपक्षी नेताओं सहित हर किसी को अपमानित-बदनाम करने का अभियान चलाया। अब तो मुख्यमंत्री महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों के परिवारों को भी नहीं छोड़ रहे।

### 2027 में भाजपा की रिकॉर्ड हार होगी

कहा कि मदद के बजाय अपमानित कर उनका दर्द और बढ़ा रहे हैं। सरकार का व्यवहार तानाशाही का है। लोगों को स्वतंत्र रूप से बोलने-लिखने का अधिकार नहीं रह गया है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की रिकॉर्ड हार होगी।

### अखिलेश ने महाकुंभ की समयावधि बढ़ाने की मांग की

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हर सरकार ने महाकुंभ कराया, लेकिन भाजपा के लोग समझते हैं कि सिर्फ इन्होंने यह आयोजन कराया है। सपा सरकार ने 2013 में भव्य और शानदार आयोजन किया था। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की टीम ने उसके प्रबंधन और व्यवस्थाओं की सराहना की थी। अखिलेश ने लोगों के स्नान से वंचित होने का हवाला देकर महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग फिर दोहराई। इस दौरान मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा की चंदा वसूली से हतोत्साहित हो रहा भारतीय बाजार

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट पर अर्थव्यवस्था पर भी प्रश्न उठाए। लिखा कि शेयर बाजार गिरने के कारण यदि विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं तो ये दशार्ता है कि उनका वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। एक अर्थ ये भी निकलता है कि स्थानीय उद्योग व उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जनता पर पैसों की कमी के कारण आंतरिक मांग लगातार घट रही है। कंपनियों के मुनाफे में से भाजपा सरकार की चंदा वसूली भी बाजार को हतोत्साहित कर रही है, जिसका नकारात्मक असर शेयर मार्केट पर पड़ रहा है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफ्टी 23,696.30

# अरुणाचल प्रदेश के पास 50,000 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है: धनखड़

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश के पास 50,000 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य में राज्य प्रमुख भूमिका निभा सकता है। अरुणाचल प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे धनखड़ कामले जिले के बोआसिमला में रहने वाले न्यिशी जनजाति के न्योकुम युलो समारोह शामिल हुए। उन्होंने वहां एक समारोह को संबोधित करते हुए आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में त्योहारों के महत्व का जिक्र किया। धनखड़ ने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण में उल्लेखनीय विकास का हवाला देते हुए भारत को दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश करार दिया। अरुणाचल प्रदेश की विशाल जलविद्युत क्षमताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पांच लाख करोड़ रुपये की निवेश की क्षमता है। उपराष्ट्रपति ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू के साथ बोआसिमला में एक बहुउद्देशीय ह्यइनडोर हॉलह्ल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली न्यिशी जनजाति की पहली महिला कबाक यानो को भी सम्मानित किया।

# 30 अप्रैल से शुरू होगी चारधाम यात्रा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, उत्तराखंड की चारधाम यात्रा जल्द ही शुरू होने वाली है। केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनेत्री यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होगी। इस यात्रा के लिए पंजीकरण 11 मार्च से शुरू होगा। हर बार की तरह इस बार भी यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को आधार कार्ड से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इससे चारीधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा में मदद मिलेगी। इस साल गंगोत्री और यमुनेत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल से खुलेंगे। यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 11 मार्च से शुरू होगा। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे। वहीं, बद्रीनाथ धाम 4 मई को खोला जाएगा।



पिछले साल 46 लाख से ज्यादा लोग चारीधाम यात्रा पर गए थे. पिछली बार यात्रा शुरू होने से पहले रजिस्ट्रेशन में दिक्कत आई थी. वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसलिए इस बार 60 फीसदी ऑनलाइन और 40 फीसदी ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। यात्रा शुरू होने से 10 दिन पहले ऑफलाइन पंजीकरण किया जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 11 मार्च से शुरू होगा। ऑनलाइन पंजीकरण उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइट registrationand touristcare .uk.gov.in पर किया जाएगा।

पंजीकरण के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में 20-20 और विकासनगर में 15 ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे। यात्रा से एक महीने पहले किसी भी वीआईपी दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी श्रद्धालुओं को सामान्य प्रक्रिया से ही दर्शन करने होंगे। यात्रा मार्ग को छोटे-छोटे सेक्टरों में बांटा जाएगा और हर 10 किलोमीटर पर पुलिस पोस्ट होंगी। अतिरिक्त पुलिस बल के जरिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर से भी निगरानी की जाएगी. आवश्यक यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था भी की जायेगी।

# मणिपुर में 7 जिलों के लोगों ने हथियार सरेंडर किए

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

मणिपुर, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद से ही हथियारों का सरेंडर जारी है। बुधवार को पुलिस ने बताया कि 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। इधर, राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने मैतेई सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कहा- राज्यपाल ने उन्हें राज्य में शांति और स्थिति को सामान्य करने के लिए मदद को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के बेगूसराय में बस और टैंकर की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 15 घायल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, बिहार के बेगूसराय जिले में मंगलवार को एक बस और दूध टैंकर की टक्कर होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना बछवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानी गांव में रात करीब 10 बजे हुई। बछवाड़ा पुलिस थाने के प्रभारी विवेक भारती ने पत्रकारों को बताया, रानी गांव में एक बस और दूध टैंकर के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में तीन बारातियों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी पीड़ित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए समस्तीपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

### महाराष्ट्र में सीमेंट मिक्सर वाहन में छिपाकर रखे गए 34 लाख रुपये के आईएमएफए के डिब्बे जब्त

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

मुंबई, महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने नवी मुंबई में एक सीमेंट मिक्सर वाहन के माध्यम से तस्करी की जा रही 34.39 लाख रुपये मूल्य की भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) जब्त की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य आबकारी विभाग की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार तड़के बेलापुर रोड पर जाल बिछाया। अधिकारियों ने देर रात लगभग सवा एक बजे एक सीमेंट मिक्सर वाहन को इस क्षेत्र में पहुंचते देखा और रोक लिया।

# महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान, आज 60 लाख से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी, योगी खुद रख रहे नजर

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, दुनिया का सबसे बड़ा समागम महाकुंभ मेला महाशिवरात्रि स्नान के साथ समाप्त होने जा रहा है। महाकुंभ में पांच पवित्र स्नान हुए जिनमें से तीन अमृत स्नान थे। जबकि 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और 3 फरवरी को बसंत पंचमी अमृत स्नान थे, 13 जनवरी को पौस पूर्णिमा, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि अन्य महत्वपूर्ण स्नान दिन थे। सरकार ने इसे सफल



आयोजन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रौद्योगिकी को शामिल करने और हाई-अलर्ट सुरक्षा उपाय करने के कारण यह आयोजन आकर्षण का केंद्र बन गया।

महाशिवरात्री के कारण समापन की ओर बढ़ने के बावजूद महाकुंभ में भक्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। प्रयागराज में जिला प्रशासन और मेला प्रशासन ने महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाने के लिए शहर में प्रवेश करने वाले भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक यातायात व्यवस्था की है। महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित नियंत्रण कक्ष से महाकुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, क्योंकि श्रद्धालु महा शिवरात्रि पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

योगी ने एक्स पर लिखा कि महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला माँ गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव! मौजूदा महाकुंभ की शुरूआत के बाद से 63.3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

# केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: गोयल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास व बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में महाराष्ट्र सरकार की पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। केंद्रीय मंत्री ने 25 फरवरी को मुंबई (उत्तर) में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार बेघर लोगों तथा उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल मुंबई (उत्तर) से लोकसभा सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ मिलकर उत्तर मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित हाउसिंग सोसायटी की चाबियां बांटी। गोयल ने कहा कि मागाठाणे मेट्रो स्टेशन के पास 1,000 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से जारी है। साथ ही पश्चिम कांदिवली में 1,000 बिस्तर वाले एक अन्य अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सुविधा बढ़ेगी।

# 'बांग्लादेशी मौलवी की तरह व्यवहार कर रही हैं ममता बनर्जी', टीएमसी प्रमुख पर बीजेपी सांसद का वार

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बुधवार को कोलकाता एमसीडी की हाल की छुट्टियों के कार्यक्रम में बदलाव की अधिसूचना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तीखी आलोचना की। अपनी टिप्पणी में, उन्होंने ममता के नेतृत्व वाली सरकार को ₹ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल की इस्लामी खिलाफत₹ कहा। नोटिस में ईद-उल-फितर के लिए दो दिन की छुट्टी की घोषणा की गई, लेकिन विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी हटा दी गई। मालवीय ने एक्स पर कोलकाता एमसीडी की अधिसूचना साझा करते हुए इसे कैप्शन दिया, ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल की इस्लामी खिलाफत में आपका स्वागत है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर धार्मिक तुष्टिकरण का आरोप लगाया और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने हिंदू अवकाश को हटाने का आदेश दिया था। अपने पोस्ट में, मालवीय ने छुट्टियों के समायोजन को व्यापक राजनीतिक उद्देश्यों से जोड़ा और दावा किया कि इससे बनर्जी की ओबीसी विरोधी मानसिकता और बदलती राजनीतिक गतिशीलता के बीच मुस्लिम वोटों को मजबूत करने की रणनीति का पता चलता है।

महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर बीजेपी सांसद सौमित्र खान ने कहा कि ममता बनर्जी को हिंदू धर्म छोड़कर दूसरे धर्म में शामिल हो जाना चाहिए। जिस तरह से वह 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान करती हैं और हिंदुओं के खिलाफ बयान देती हैं, उन्हें इसे छोड़ देना चाहिए। यहां तक कि दूसरी पार्टी के नेता भी इस तरह की बात नहीं करते। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी मौलवी की तरह व्यवहार कर रही हैं। उन्हें कोई नहीं रोक रहा; उसे बस इस्लाम कबूल कर लेना चाहिए।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने ₹मृत्यु कुंभ₹ बयान पर बड़े पैमाने पर आलोचना की, आज एक तीखा जवाब जारी किया, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष योगी आदित्यनाथ का नाम लिया और उनके ₹अपशब्दों₹ का हवाला दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी आलोचना को "विकृत" किया गया है और "पूर्ण झूठ" में बदल दिया गया है। बनर्जी ने आज अपने राज्य की स्थिति की तुलना करते हुए 360 डिग्री का दृष्टिकोण लिया, जहां बहुत अधिक भीड़ देखी जाती है और इसे संभालने के लिए की जाने वाली तैयारी की तुलना की जाती है।

# संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है : राष्ट्रपति मुर्मु

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

छतरपुर (मध्य प्रदेश)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है और देश आज महिला विकास से महिला-नीत विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, समकालीन संत आत्मनिर्भर, सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।



उन्होंने कहा, संत समुदाय ने समाज से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाकर उन्हें दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है। मुर्मू ने कहा, आज, जब हमारा देश महिला विकास से महिला-नीत वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, तो हमें अपनी बेटियों और बहनों को मजबूत और सक्षम बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे छोटे-छोटे प्रयास बहन बेटियों को सशक्त बनाएंगे। उन्होंने महिलाओं को उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। मुर्मू ने कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से अपने कर्म और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है और उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वासों के बारे में लोगों को जागरूक किया है, छुआ-छूत और ऊंच-नीच के भेद-भाव को दूर करने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक, संत रविदास, संत कबीर दास, मीरा बाई या संत तुकाराम सभी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से लोगों को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया है। सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए बागेश्वर धाम की प्रशंसा करते हुए मुर्मू ने कहा कि इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन और अन्य जरूरी सामान दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैं सभी महिलाओं से अपील करती हूं कि वे खुद को शिक्षित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास करें। जब आप सफल होंगी, तो हमारा समाज और हमारा देश सफल होगा। मुर्मू ने कहा, हमने 2047 में अपनी आजादी की शताब्दी मनाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि सामूहिक विवाह समारोह में शादी करने वाले जोड़ों को राज्य सरकार की योजनाओं के तहत 51 हजार रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और बागेश्वर पीठ के संत धीरेंद्र शास्त्री ने भी समारोह को संबोधित किया।

# लखनऊ मेट्रो फेज-2 के लिए मिट्टी की जांच शुरू

## सरफराजगंज में नमूने लिए; बसंतकुज से चारबाग तक दौड़ेगी मेट्रो, 12 स्टेशन होंगे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (चारबाग से वसंतकुंज) निर्माण के लिए मिट्टी की जांच शुरू हो गई है। इस रूट पर मेट्रो संचालन से करीब 10 लाख लोगों को फायदा होगा। इससे पहले 9 जुलाई 2024 को ऊढफ को दिल्ली से मंजूरी मिल चुकी है। योगी सरकार ने मार्च 2024 में इस प्रोजेक्ट को फाइनल करके केंद्र सरकार को भेजा था।

मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक पब्लिक स्वॉयल टेस्टिंग के तहत सरफराजगंज में मिट्टी की टेस्टिंग का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा टोपोग्राफी (एरियल सर्वे) और यूटिलिटी सर्वे भी कराया जा रहा है। इंवेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) और केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। यह लखनऊ मेट्रो का फेज-2 प्रोजेक्ट




है। इसकी कुल लंबाई 11.165 किमी है। इसमें कुल 12 स्टेशन होंगे। यह रूट चारबाग से वसंतकुंज तक बनेगा। इसमें 7 भूमिगत मेट्रो स्टेशन होंगे। 6.8 किमी मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड बनाई जाएगी।

### कॉरिडोर में 12 स्टेशन, 4.28 किमी एलिवेटेड रूट होगा

चारबाग से वसंत कुंज रूट पर एलिवेटेड रूट की लंबाई 4.286 किमी होगी। भूमिगत लंबाई 6.879 किमी होगी। जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। ये कॉरिडोर मौजूदा नार्थ-साउथ कॉरिडोर के चारबाग मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा।

### प्रोजेक्ट पर 5801 करोड़ खर्च होगा

11.165 किमी लंबे कॉरिडोर के निर्माण पर लगभग 5,801 करोड़ रुपए खर्च होगा। ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर अमीनाबाद, पांडेय गंज, मेडिकल कालेज व चौक जैसे व्यस्त इलाकों को जोड़ेगा। इसे ब्लू लाइन नाम दिया गया है। 23 जून 2026 तक इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ओवरहेड वायर की जगह थर्ड रेल लाइन बिछेगी

पतंगबाजी के कारण आए दिन बंद होने वाली मेट्रो से सबक लेते हुए यूपीएमआरसी सेकेंड फेज में ओवरहेड वायर की जगह थर्ड रेल लाइन बिछाएगा। इसमें ट्रेन के ठीक बगल में एक पटरी चलती है, जिससे करंट जाता है। इससे कोई भी वायर ट्रेन के ऊपर नहीं रहता। इससे ट्रिप होने की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

### अमीनाबाद, चौक को जोड़ेगा

वहीं, चारबाग से वसंत कुंज' तक लखनऊ मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पुराने लखनऊ के अमीनाबाद, चौक जैसी जगहों को कनेक्ट करेगा। यह अपने मार्ग के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को भी जोड़ेगा। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को ठढक्र से मंजूरी एक बड़ी उपलब्धि है। लखनऊ की शहरी आबादी के लिए यह प्रोजेक्ट बेहद अहम है।

# लखनऊ में भाई और जीजा के साथ मिलकर बैटरी चुराई

**युवक गिरफ्तार; 2 बैटरी बरामद, पुलिस ने जेल भेजा**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, लखनऊ में ई-रिक्शा से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामकेश के रूप में हुई है। वह नया पुरवा मजरा सुरियामऊ का रहने वाला है। घटना 18 जनवरी की है। शहजादपुर मजरा महमूदपुर निवासी अवधेश कुमार ने अपना ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया था। अगली सुबह ई-रिक्शा गायब मिला। बाद में उनका ई-रिक्शा पड़ोसी गांव सुन्दरनगर मजरा कूड़मऊ में सड़क किनारे मिला। इसमें लगी चारों सूर्या बैटरियां गायब थीं।

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ा

पीड़ित ने 21 जनवरी को थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने 25 फरवरी की रात मुखबिर की सूचना पर सुरियामऊ नयापुरवा मार्ग से आरोपी रामकेश को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की दो बैटरियां बरामद हुईं।

### रामकेश को न्यायिक हिरासत में भेजा

पूछताछ में रामकेश ने खुलासा किया कि उसने अपने भाई रामतेज और जीजा दिवाकर के साथ मिलकर चोरी की थी। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। रामकेश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### लखनऊ में शादी तोड़ने के लिए भेजा अश्लील वीडियो

**परिजनों को दी जान से मारने की धमकी, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** लखनऊ में सिरफिरे आशिक ने युवती की अश्लील फोटो उसके परिजनों और मंगेतर भेज दी। साथ ही शादी तोड़ने का परिवार वालों पर प्रेशर बना रहा है। परिजनों के विरोध पर जान से मारने की धमकी और अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। सआदतगंज पुलिस आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

#### युवती की शादी तय होते ही परेशान करने लगा था

सआदतगंज निवासी युवती के भाई ने बताया कि बहन की शादी तय होते ही चिनहट निवासी विशाल गौतम बहन को परेशान करने लगा। बहन की 5 फरवरी को गोद भराई होते ही फोन करके धमकी देने लगा कि बहन की शादी तोड़ दो, वरना उसकी अश्लील वीडियो और फोटो होने वाले बहनोई को भेज देगा। परिजनों ने इज्जत के खातिर कोई कार्रवाई नहीं की और उसको समझाने की कोशिश की।

### लखनऊ में मौलाना अतहर को बरसी पर याद किया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में वरिष्ठ शिया धर्मगुरु खतीब-ए-अकबर मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर को उनकी बरसी पर याद किया गया। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- 26 फरवरी 2016 को मौलाना मिर्जा अतहर का निधन हुआ था। इस दिन लखनऊ समेत पूरे विश्व के शिया समुदाय ने शोक मनाया था। मौलाना यासूब ने कहा- मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर की सेवाओं को सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने हमेशा लोगों को एकता का संदेश दिया। मुस्लिम समुदाय को इस्लाम और कुरान के अनुसार जीवन जीने का पाठ पढ़ाया।

# 501 दीपों की आरती कर मनाई गई महाशिवरात्रि मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। क्षेत्र भर में बड़े ही धूमधाम के साथ शिवरात्रि मनाई गई और गोशाला परिवार ने गोपेश्वर महादेव और बुढ़िया शिवालय पर पूजन, आरती और प्रसाद की व्यवस्था की।कसमण्डी कला क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में रंग गुलाल उड़ाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई यात्रा में विशेष आकर्षण शिव पार्वती की झांकी रही जिसमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी उत्साह पूर्वक यात्रा में शामिल हुए।यात्रा का स्वागत कसमण्डी कला के प्रधान प्रतिनिधि संजय साहू ने जोरदार स्वागत किया।जगह जगह कई गांवों के प्रधानों ने ग्रामीणों को फल मिष्ठान, पानी वितरित कर यात्रा का स्वागत किया आयोजक मंडल रिकू यादव, सुशील रावत, अजय, रामकिशोर, संदीप, राजू प्रति वर्ष विशाल यात्रा का आयोजन करते है इस अवसर पर हजारो लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।वही रहीमाबाद क्षेत्र में धूमधाम से शिवरात्रि



मनाई गई जिसके लिए मंदिरो में एक दिन पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी प्राचीन शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई जिसका स्वागत बाराही देवी मंदिर पर किया गया।क्षेत्र के सभी गांवो के मंदिरों पर रामायण पाठ का आयोजन और रात्रि जागरण कर शिवरात्रि रात्रि मनाई गई है।उमाकान्त गुप्ता ने बताया प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर और बुढ़िया शिवालय में ब्रह्म मुहूर्त से ही भोलेनाथ का रुद्राभिषेक शुरू किया गया और कमल पुष्प से श्रृंगार किया गया पूरे दिन अनवरत ॐ नमः शिवाय का जप तथा शाम को फूलों की होली खेली गई तत्पश्चात 501 दीपों से भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। भतोइया गांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में पूजन के विशेष आयोजन किए गए जिसमें बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही, शहद आदि सामग्री से भगवान शिव का पंचोपचार किया गया।

# लखनऊ में टेक्निकल एक्सपर्ट से ठगे थे 78 लाख

## विदेशों में करते हैं पैसे का निवेश; भारत के युवाओं को चीन से फंसाते थे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में साइबर जालसाजों ने एक कंपनी के अकाउंट को खाली कर दिया। कंपनी का मालिक बनकर अकाउंट मैनेजर को झांसे में लिया। कंपनी का बैलेंस चेक करवाकर 78 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया मामले में तीनों अंतरराज्यीय आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों की पहचान ककरौली मुजफ्फरनगर निवासी अमजद (38) पुत्र मुमताज, श्रीनगर जम्मू कश्मीर निवासी इब्राहिम डार पुत्र शहबीर अहमद और एहसान उल हक पुत्र मोहम्मद अल्ताफ के रूप में हुई है।

### दो आरोपी टेक्निकल कोर्स कर रखे हैं

जम्मू के रहने वाले अमजद और इब्राहिम आईटीआई का कोर्स किया है। नौकरी की तलाश कर रहे थे तभी



उन्हें अचानक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। जहां पर उनकी मुलाकात मुजफ्फरनगर निवासी अमजद से हुई। तीनों ने ठगी की योजना का हिस्सा बनाकर कंपनी के पूरा अकाउंट खाली कर दिया। शातिरों ने कंपनी के मालिक की डीपी लगाकर कंपनी के अकाउंट से ठगी कर ली। कंपनी के सारा पैसा निकाल लिया।

### 78 लाख में 12 लाख रिलीज होगा

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि कंपनी ने शिकायत करने में देर कर दी थी। इस वजह से जालसाजों ने ठगी के पैसों का सकुर्लेशन अलग-अलग अकाउंट में कर दिया था। पूरा अमाउंट तो रिकवर नहीं हो पाया है। लेकिन 12 लाख को रिकवर किया गया है। जिसे कोर्ट से आदेश मिलते ही रिलीज कर दिया जाएगा।

### पूरा मामला जानें

शहीद पथ रायबरेली रोड लखनऊ निवासी सतीश कुमार दूबे ळए कठऊकअ ऋफडवढ में अकाउंट मैनेजर के पद कार्यरत हैं। सतीश ने बताया 16 फरवरी को शाम करीब 7 बजे एक अज्ञात नंबर से वॉट्सऐप पर मैसेज आया। कंपनी मालिक मयूर गर्ग की डीपी लगी थी।

मैसेज में बोला ये नया नंबर है। इसे सेव कर लो। अगले दिन सुबह 10 ऑफिस पहुंचने के लिए कहा। इसके बाद चैट में पूछा कंपनी के बैंक अकाउंट में कितना पैसा है। उसकी फोटो भेजो। कंपनी का कोड नेम भी लिया जिसकी वजह से भरोसा हो गया।

### जम्मू कश्मीर के बैंक में पैसा कराया ट्रांसफर

भरोसे में लेने के बाद बोला-जरूरी प्रोजेक्ट के लिए 78 लाख रुपए एडवांस पेमेंट करना है। पेमेंट के बाद ही एग्रीमेंट साइन हो पाएगा। इसके बाद जम्मू कश्मीर स्थित इंडसइंड बैंक में पैसा ट्रांसफर करवा लिए। कंफर्म करने के लिए जब नंबर पर कॉल किया तो रिसीव नहीं हुआ। शक हुआ तो पैसा होल्ड करवाने बैंक गया। तब तक पैसा कई अलग-अलग खातों में ट्रांसफर हो चुका था। इसके बाद कंपनी के मालिक को कॉल करके पूछा तो मालूम हुआ कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा।

# लखनऊ में 5 साल की मासूम को डंपर ने रौंदा

**घर के बाहर खेल रही थी; हालत गंभीर, परिजनों ने हंगामा किया**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ के बीबीडी इलाके में डंपर की टक्कर से 5 साल की बच्ची घायल हो गई। उसे इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फत्तेपुरवा बीबीडी निवासी प्रवेश यादव की बेटी अवंति उर्फ बउवा घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मौके से पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में इंस्पेक्टर बीबीडी का कहना है कि शिकायत के आधार पर आगे की




कार्रवाई की जाएगी।

### आक्रोशित लोगों ने बवाल किया

घटना के बाद इलाके के लोग आक्रोशित हो गई। इसके बाद सड़क पर आकर उन्होंने बवाल कर दिया। डंपर के कांच भी तोड़ दिए। मौके पर पहुंचती पुलिस से कार्रवाई करने की जिद्द पर अड़ गए। फिलहाल आरोपी चालक को हिरासत में लेकर लोगों को शांत कराया गया।

# यूपी आबकारी विभाग को 1545.60 करोड़ की इनकम

**शराब-भांग ठेकों के लिए 2.86 लाख आवेदन आए, 27 फरवरी लास्ट डेट**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में नई आबकारी पॉलिसी लागू होने के बाद विभाग का खजाना भर गया है। शराब और भांग की दुकानों के लाइसेंस प्रक्रिया के दौरान आबकारी विभाग ने छप्पर फाड़ कमाई की है। विभाग ने इस प्रक्रिया के शुरू होने के सिर्फ 12 दिनों में ही एक हजार करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अभी दो दिन के आंकड़े आने बाकी हैं।

दरअसल, यूपी में शराब और भांग की दुकानों के लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन से लेकर आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। विभाग को देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप और



भांग की फुटकर दुकानों के लिए 2 लाख से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे 1545.60 करोड़ रुपए की प्रोसेसिंग फीस भी मिली है।

### 27 फरवरी शाम 5 बजे तक होंगे आवेदन

प्रदेश की नई आबकारी नीति 2025-26 छह फरवरी को घोषित की गई थी। नई नीति में ज्यादा राजस्व एकत्र करने के लिए शराब की दुकानों के लाइसेंस के नवीनीकरण की बजाय ई-लाटरी व्यवस्था की गई है। वहीं दूसरा सबसे बड़ा बदलाव प्रदेश में शराब की कंपोजिट दुकानें खोलने को लेकर किया था। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह ने बताया कि 14 फरवरी से प्रदेश की 27308 दुकानों के लिए रजिस्ट्रेशन खोले गए थे। 17 फरवरी से आवेदन शुरू हुए थे। 26 फरवरी तक 286176 आवेदन आए। कल 27 फरवरी को आवेदन की अंतिम तिथि है। 27 फरवरी शाम 5 बजे तक आवेदन की अंतिम समय होगा।

# लखनऊ में हाथी-घोड़े, डीजे-डांस के साथ शिव बारात निकाली

**भूत-पिशाच नाचे; श्रद्धालुओं को गुलाल लगाया, 'महादेव' के जयकारे लगाए**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , हाथ में गदा-त्रिशूल। हाथी-घोड़े की सवारी। शरीर पर भस्म और फूल माला। हर-हर महादेव का उद्घोष। शिवरात्रि पर पुराने लखनऊ में शाम होते ही इस अंदाज में श्रद्धालु शिव बारात में शामिल हुए। इस दौरान डमरू की थाप पर जमकर नाचे और एक दूसरे को गुलाल लगाया। हर धर्म-सम्प्रदाय के लोगों ने आयोजन में हिस्सा लेकर सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

सदर के शिव मंदिर के मुख्य पुजारी ने शिव बारात को रवाना किया जो उदयगंज, बलिंगटन चौराहा, नाका, कैसरबाग से होते हुए पुनः सदर आकर समाप्त हुई। इसके बाद चौक के कल्याणगिरी मंदिर से शिव बारात रवाना हुई जो कोनेश्वर मंदिर चौका




चौराहा होते हुए पुनः कल्याणगिरी मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। इससे पहले सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की लाइन लगी रहीं। मनकामेश्वर मंदिर से लेकर सिद्धनाथ, कोतवालेश्वर, महाकाल मंदिर और बड़झ शिवालय में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान हुए। शिव भक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र और दूध से बाबा का अभिषेक किया। मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की 2 किलोमीटर से अधिक लाइन लगी। इधर, मोहनलालगंज में श्री काशेश्वर महादेव की बारात निकाली गई। बारात में भक्तों ने हर हर महादेव का जमकर उद्घोष किया। महंत देव्या गिरि ने भोर 2 बजे भगवान शिव का 101 लीटर दूध से अभिषेक किया। इसके बाद भव्य श्रृंगार हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे से मंदिर के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए थे। भारी भीड़ को देखते हुए विशेष क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था की गई।

# फरार चल रहे दो अन्य चोरों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों दो बंद मकानों में हुई चोरी की घटना के खुलासे के बाद फरार चल रहे दो अन्य चोरों को भी पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि बीते दिनों सरोजनीनगर के सेक्टर-एफ में रहने वाले सुरेंद्र विक्रम सिंह और आशीष मिश्रा अपने-अपने घरों में ताला बंद कर किसी काम से परिवार सहित बाहर गए थे। तभी दोनों घरों का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के गहने और नगदी पार कर दी थी। इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने रविवार रात स्कूटी सवार हसनगंज के कुतुबपुर डालीगंज



निवासी पप्पू उर्फ अकरम उर्फ चिकना को पिपरसण्ड रोड से पुलिस मुठभेड़ के दौरान, जबकि सोमवार सुबह सीतापुर जिले के रामपुर थाना अंतर्गत मुल्हेपुर निवासी हारून, इटौंजा के सुल्तानपुर अकड़रिया कला निवासी पिंटू कश्यप और दुबग्गा स्थित भरावन कला निवासी अमिताभ रस्तोगी उर्फ विशाल रस्तोगी को गिरफ्तार किया था। वहीं इनके दो साथी सीतापुर के बिसवां थाना अंतर्गत काजी टोला निवासी अबू तालिब और यहीं के झज्झड़ कस्बा में रहने वाला इरफान फरार चल रहे थे। बुधवार सुबह सरोजनीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अबू तालिब और इरफान को आशियाना से न्यू गुड़ौरा जाने वाले रास्ते पर धर दबोचा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ई रिक्शा पलटने से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार को ई रिक्शा पलटने से उस पर सवार गंभीर रूप से घायल हुए एक मजदूर की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कृष्णा नगर के स्नेह नगर निवासी मजदूर लेखराज कश्यप (41) मंगलवार दोपहर बाद करीब 2 बजे सरोजनीनगर की ओर से अपनी पत्नी मधु व एक वर्षीय मासूम बच्चे के साथ ई रिक्शा पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। तभी सरोजनीनगर में चिल्लावां बाजार के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा आगे खड़ी कार में टकराकर अचानक पलट गया। ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने आनन फानन ई रिक्शा को उठाया। लेकिन ई रिक्शा के नीचे दबकर लेखराज का सिर फटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही उस पर सवार एक 29 वर्षीया युवती चोटिल हो गई। बाद में राहगीरों की मदद से लेखराज को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में बुधवार सुबह इलाज के दौरान लेखराज की मौत हो गई। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी मधु के अलावा तीन बेटे हैं।

# लखनऊ में महिला दरोगा का सिर फोड़ा

**परिचित के किराएदार ने पीटा; ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में किराएदार ने महिला दरोगा को पीट दिया। दरोगा मड़ियांव स्थित केशव नगर इलाके में अपने परिचित के घर मिलने आई थीं। वहीं पर किराएदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। एसीपी बृज नारायण सिंह ने बताया कि दरोगा मंजुलता श्रीवास्तव दूसरे जिले में तैनात हैं। लखनऊ में मड़ियांव इलाके में रहती हैं। वह केशवनगर अपने परिचित के घर गईं थीं। परिचित का अपने किराएदार भानु सिंह से विवाद हो रहा था। महिला दरोगा ने बीचबचाव किया तो भानु ने उनके सिर पर हमला कर दिया। घायल दरोगा को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# लखनऊ में मंदिर के माली का सिर फोड़ा



**शिवरात्रि प्रसाद वितरण को लेकर विवाद के बाद ईंट मारी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में भंडारे में प्रसाद वितरण के दौरान विवाद के बाद एक युवक ने मंदिर के माली को सिर पर ईंट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ऋकफ दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पराग डेयरी स्थित शिवजी मंदिर में माली बृजेंद्र सैनी पूड़ी-सब्जी का वितरण कर रहे थे। इस दौरान दीपक वर्मा नाम का युवक बिना लाइन में लगे प्रसाद लेने लगा। माली ने जब उसे लाइन में लगने को कहा तो वह गुस्से में वहां से चला गया।

### पीछे से सिर पर किया वार

कुछ समय बाद दीपक अपने पिता धनीराम के साथ वापस आया। उसने पीछे से बृजेंद्र के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। इस हमले में बृजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल माली को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बृजेंद्र सैनी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में जुटी है।

## संक्षेप

### गंगा में नहाने गईं चार किशोरियां डूबी, दो की मौत

चुनार,कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गंगा में नहाने गईं चार किशोरियों में से दो की डूबने से मौत हो गई। जलालपुर माफी गांव की यह घटना सुबह 8 बजे की है। मृतक किशोरियों में 17 वर्षीय कुसुम कुमारी और 16 वर्षीय काजल शामिल हैं। स्थानीय मछुआरों ने दो अन्य किशोरियों - 16 वर्षीय गीता और 18 वर्षीय सीता को बचा लिया। गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद दोपहर 2 बजे दोनों मृतक किशोरियों के शव बरामद किए। मृतक काजल कक्षा 10 की छात्रा थी। उसके पिता मलेशिया में मजदूरी करते हैं। वह दो भाइयों की अकेली बहन थी। वहीं कुसुम चार बहनों में से एक थी और उसके दो भाई हैं। उसके पिता खेती-बाड़ी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। काजल के भाई अजय ने कहा कि अगर घाट पक्का होता तो यह दुर्घटना नहीं होती। किशोरियां बालू वाले क्षेत्र में नहाने नहीं जातीं। घटना की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, कानूनगो रामप्यारे, लेखपाल शेषमणि और चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### ईंट लदे ट्रैक्टर से टकराए बाइक सवार

मडिहान, लालगंज-कलवारी मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। गोपलपुर गांव के पास हुई इस दुर्घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक ही बाइक पर सवार तीनों युवक कलवारी से दीपनगर की तरफ जा रही ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान लालगंज से कलवारी की तरफ जा रहे बोरबेल ट्रक की चपेट में आ गए। दुर्घटना में महेश (25 वर्ष) और गौरव उर्फ रोहित (30 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सूरज (25 वर्ष) को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले जाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### गंगा स्नान करने गई बच्ची डूबी

रायबरेली, गदागंज में एक हादसा सामने आया। नवादा पट्टी निवासी राजभान की 13 वर्षीय बेटी प्रिया गंगा स्नान के दौरान डूब गई। प्रिया अपनी मां अनुसूया के साथ धीरनपुर स्थित परशुराम शिव मंदिर के गंगा घाट पर स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान प्रिया अचानक गहरे पानी में चली गई। मां की चीख-पुकार पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन प्रिया का कहीं पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही डलमऊ और गदागंज पुलिस मौके पर पहुंची।

## बार एसोसिएशन के हुए चुनाव में गिरीश मिश्रा अध्यक्ष अनुज बाजपेई महामंत्री

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बार एसोसिएशन चुनाव में सोमवार को मतदान के बाद मंगलवार को हुई मतगणना के बाद देर रात परिणाम घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर गिरीश मिश्रा ने शानदार जीत दर्ज की, जबकि महामंत्री पद पर अनुज बाजपेई ने बाजी मारी। जीत के ऐलान के बाद समर्थकों ने जबरदस्त जश्न मनाया और आतिशबाजी की। अध्यक्ष पदः अध्यक्ष पद की रेस में शुरूआत में त्रिकोणीय मुकाबले की चर्चा थी, लेकिन जैसे ही मतगणना शुरू हुई, गिरीश मिश्रा ने एकतरफा बढ़त बना ली। उन्होंने 563 वोटों के बड़े अंतर से नरेंद्र अवस्थी को हराया

महामंत्री पद के लिए 7 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन अनुज बाजपेई ने 475 मतों के साथ जीत दर्ज की। उन्होंने आनंद कुमार सिंह उर्फ बूटा को 182 वोटों के अंतर से हराया।

अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नतीजे इस प्रकार रहे

संयुक्त मंत्री (पुस्तकालय): सूर्य प्रकाश मिश्रा 621 वोट

संयुक्त मंत्री (प्रशासन): संतोष कुमार यादव 377 वोट

संयुक्त मंत्री (प्रकाशन): अजय कुमार चौबे 633 वोट

कोषाध्यक्ष अशोक कुमार यादव 428 वोट

वरिष्ठ उपाध्यक्ष धरमंगल सिंह 534 वोट

उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव 311 वोट

कनिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शुक्ला 352 वोट

मतगणना के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और सीओ सिटी सोनम सिंह लगातार निगरानी करते रहे। शहर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा समेत कई थानों की पुलिस टीम तैनात रही।

## महिला के साथ युवक ने की मारपीट, वीडियो हुआ वायरल



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट जाजमऊ चौकी के पास स्थित ईरानी चाय रेस्टोरेंट 'रेटेरो रिमिक्स' का मालिक किशना पर एक गरीब महिला नशरून निशा के साथ मारपीट का आरोप है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। नशरून निशा हाईवे किनारे झोपड़ी में रहती हैं। वह छोटी सी दुकान चलाकर अपने बेटे के साथ जीवन यापन करती हैं। किसी बात को लेकर किशना और नशरून के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद किशना ने महिला को जमीन पर गिरा दिया। उसने लात-घूंसों से महिला की पिटाई की। आरोपी ने महिला को जमीन पर गिराकर पीटा। उसके हाथ में हथौड़ी थी। किशना ने हथौड़ी से महिला पर वार करने की कोशिश की। आसपास के लोगों ने यह देखा और महिला को बचाया। राहगीरों ने किसी तरह किशना को महिला से दूर किया। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में लोग आरोपी को रोकते और महिला को बचाते नजर आ रहे हैं। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के शिवालयों मे महा शिवरात्रि का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया।हर हर महादेव का उदघोष सुबह से शूरू हो गया। भक्तो ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र मे शुक्रवार को गौरीशंकर महादेव, मंगलेश्वर, रामेश्वर मंदिर, आनंदेश्वर मन्दिर,ऊगू के नीलकंठेश्वर महादेव आदि मंदिरों में सुबह से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई।जगह जगह शिवालयों मे रामचरितमानस का पाठ तथा हवन पूजन किया। कस्बा ऊगू मोहल्ला सोनिका मे रामेश्वर महादेव मन्दिर मे प्रति वर्ष की भांति सुबह हवन पूजन आचार्य ऋषिकांत मिश्रा ने कराया तथा प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज कुमार दीक्षित रमाशंकर तिवारी आलोक तिवारी रामचन्द्र तिवारी विवेक तिवारी आयुष चौरसिया अंकुश चौरसिया निशू करन चौरसिया शिवकुमार चौरसिया . पप्पू शर्मा संजय, भविष्य, अमर नाथ शुक्ला, मिठ्ठू आदि मौजूद रहे ।

## झूले से गिरकर 5साल के मासूम की मौत,शादी समारोह के दौरान हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक दिल दहला देने वाला दर्दनाक हादसा हुआ है। श्याम कला गेस्ट हाउस में बुआ की नंद की शादी में आए 5 वर्षीय ऋषभ की झूले से गिरकर मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ऋषभ अपने पिता श्रवण के साथ हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के गांव औरमऊ से बांगरमऊ शादी समारोह में शामिल होने आया था। मंगलवार की देर रात लगभग 11:30 बजे वह गेस्ट हाउस में लगे चैन वाले झूले पर अन्य बच्चों के साथ झूल रहा था। अचानक वह झूले से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया. परिजन तुरंत उसे बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि यह क्षेत्र का बड़ा गेस्ट हाउस है जो एक शादी का 2 से 3 लख रुपए खर्च लेता है लेकिन झूलों के पास कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है. परिजनों ने गेस्ट हाउस संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है. प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भूत ,प्रेत , अघोरियों संग सैकड़ों झांकियों के साथ निकाली गई भोले बाबा की बारात

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिन्दुओ की आस्था के महापर्व महाशिवरात्रि पर नर सेवा नारायण सेवा समिति व हिन्दू जागरण मंच उन्नाव के के द्धारा गत वर्षो की भांति इस बार भी नवे वर्ष नगर में पूरी भव्यता/दिव्यता के साथ निकाली गई भोलेबाबा की बारात ।

भोले बाबा की बारात के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी की अगुवाई में विशाल काय नंदी पे सवार भोलेनाथ व माता पार्वती,भूत ,प्रेत ,अघोरियों संग सैकड़ो झांकियो के साथ हजारो भगवा ध्वजोके साथ शामिल हजारो भोले के बाराती बन झूमे नाचे भोलेनाथ के महाकाल के विग्रह स्वरूप की झांकी प्रमुख आकर्षण रही,जगह जगह भक्तों ने आरती कर भोलेनाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया ,हरदोई पुल पर महादेव और गौरा के जयमाला का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ व लोगो ने की पुष्प वर्षा ।

भोलेबाबा की बारात में भूत प्रेत अघोरी, नंदी स्वरूप अपना आकर्षण अलग बिखेर रहे थे ,नगर में भगवा ध्वज व शिवभक्तों का हुजूम चारो तरफ नजर आ रहा था व हर हर महादेव से गूंजा नगर इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने भी भोलेनाथ की आरती कर यात्रा का स्वागत किया , बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग ने भी यात्रा का स्वागत व प्रसाद वितरण किया ।बारात में सभासद मुन्ना सिंह ,हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,प्रदेश अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ,वीरांगना वाहनी प्रमुख ज्योति राजपूत ,कल्पना त्रिवेदी ,पवित्रा उपाध्याय ,दीपिका बाजपेई ,विकास सिंह सेंगर ,राघवेंद्र पांडेय ,योगेंद्र तिवारी ,राकेश राजपूत ,,सुनील भदवरिया ,कमलेश बाजपेई ,अभिषेक तिवारी ,अलोक शुक्ल ,,धर्मेंद्र शुक्ल ,केतन अवस्थी ,मनीष मिश्रा ,शिवम् आजाद ,मुकेश दीक्षित ,अंशु शुक्ला ,विकास तिवारी ,अलोक शुक्ला ,अमूल्य बाजपेई सहित हजारो शिव भक्त मौजूद रहे

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व , सुबह से देर शाम तक चलता रहा भंडारा

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के शिवालयों मे महा शिवरात्रि का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। हर हर महादेव का उदघोष सुबह से शूरू हो गया। भक्तो ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। वही पुरवा क्षेत्र के ग्राम सरवन में पंचानन महादेव मंदिर में सुबह से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई। जगह जगह शिवालयों मे रामचरित मानस का पाठ तथा हवन पूजन किया। क्षेत्र के इस पंचानन मन्दिर मे प्रति वर्ष की भांति सुबह हवन पूजन आचार्य कौशल मिश्रा ने कराया तथा भण्डारा प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर रज्जन सिंह यादव निवासी धमार्पुर विधानसभा क्षेत्र पुरवा उनके पुत्र आकाश यादव समाजसेवी ने भंडारे का प्रबंध किया। वहीं ग्राम सरवन के पंकज मिश्रा, शिवकुमार यादव, अमित यादव गोसाई खेड़ा, अमृत लाल यादव बरवा कला, विशाल तिवारी, समीर यादव, दिनेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान यूनियन धरती पुत्र, बबलू यादव, आयुष शुक्ला, हर्ष बाजपेई, पीयूष शर्मा, शमशेर सिंह यादव, समीर यादव, दयाराम यादव फौजी, राजेश अवस्थी, प्रेम प्रकाश, मोती वर्मा, राम कुमार कुशवाहा, बऊवा मिश्रा, कुलदीप तिवारी, रजत मौर्या, खेलावन माली, दीपू कुशवाहा, चंद्रिका लोधी, आशीष लोधी आदि सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत पर परिजनों से मिले पुष्पेंद्र प्रताप सिंह बच्चे की पढ़ाई की ली आजीवन जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। दो दिन पूर्व मनिकापुर निवासी दो जुड़वा भाई आदिल और अरबाज की बिहार बक्सर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी हुई अत्यंत दुःखद निधन कि कष्टकारी सूचना पर समाज सेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गांव मनिकापुर पहुँच कर दुखी परिवारजनों का दुःख साझा करके अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं परिवार पर पड़े वज्रपात को देखकर हर किसी की हुई आंखे नम,परिवार की इस अपार पीड़ा को देखकर घर पर एक छोटा बच्चा है बच्चे कि पढाई का (जब तक जहां तक पढ़ना चाहते हो) सारा खर्चा पुष्प फाउंडेशन द्वारा उठाया जाएगा इस आपार दुःख मे पुष्प फाउंडेशन आपके साथ है,ग्राम प्रधान माजिद,आर के सिंह,प्रखर सिंह, आशू सिंह,कमलेश यादव, मैनेजर सिंह आदि उपस्थित रहे,जनपद के लिए बहुत गर्व की बात है कि हर असहाय जरूरत मन्दो की मदद करने की कड़ी ही पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को आम जनमानस की नजर में कोई फरिश्ता से कम नही है पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के मानवीय क्षेत्र उठाये गये कदम की क्षेत्रीय लोग सुनील सिंह,सेनू यादव,शनी यादव,रोहित सिंह,मोनू सिंह,आशू प्रधान आदि ने भूरि भूरि प्रशंशा की है व भविष्य में भी हर असहाय जरूरत मंद की मदद करते रहने के लिए पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का शुक्रिया अदा किया।

## आचार्य ने विधि विधान से संपन्न कराया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के तीन ब्लॉक व तीन नगर पंचायत से कुल 60 जोड़ों का सामूहिक विवाह छोटा खेड़ा में स्थित राम सिंह लालता सिंह इंटर कॉलेज में आचार्य ने विधि विधान से विवाह संपन्न कराया। नव दंपति जोड़ों को विधायक ब्रजेश रावत ने प्रमाण पत्र व उपहार देकर आशीर्वाद दिया।ब्लॉक क्षेत्र के छोटा खेड़ा गांव में स्थित राम सिंह लालता सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें औरास ब्लॉक से 28, नवाबगंज 13 हसनगंज 17, न्योतनी नगर पंचायत 1, औरास 1, ,सभी जोड़ों का आचार्य राजेश कुमार , विद्या शंकर ने मंत्र उच्चारण कर हिंदू रीति रिवाज से शादी संपन्न कराई , सभी जोड़ो को विधायक ब्रजेश रावत ने पहुंचकर प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद दिया, इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार, जैनेंद्र, मृगांक गौतम,, एडीओ आई एस बी मुनेंद्र कौशिक, शिल्पी यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

## गाजे बाजे के साथ निकाली गई भगवान शिव जी की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर से निकलने वाली परम्परागत विशाल शोभायात्रा पुलिस की मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई इस दौरान डेढ़ दर्जन आकर्षक झांकियों व आधा दर्जन डी जे पर आधुनिक वाद्ययंत्रों के बीच सैकड़ो भक्त नाते गाते यात्रा में शामिल हुए अनेक भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। प्रतिवर्ष की भांति नगर स्थित ब्लाक कार्यालय के निकट स्थित नर्मदेश्वर /पत्थर वाला शिवाला नामक स्थान से शिव बरात/ शोभायात्रा का क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने शुभारंभ किया जिसमे नंदी पर सवार भगवान शिव पार्वती की आकर्षक झांकी ने यात्रा का आगाज हुआ इस दौरान,हनुमान,राम सीता,गणेश,लक्ष्मी८ जी,कुबेर जी,आदि सहित कुल 13 आकर्षक झांकियां शामिल हुई इस दौरान पांच वाहनों पर आधुनिक वाद्ययंत्रों द्वारा भगवान शिव की आराधना,भक्ति गीत बजते रहे शोभायात्रा के दौरान शिवगण के रूप में दर्जनों भक्तों नाते गाते शामिल रहे यह यात्रा नगर के मोहल्ला मिश्राना, अहिराना,मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग,लुधियाना,गढ़ी, खत्रियाना,बड़ी बाजार,गढ़ी आदि सहित कई मोहल्लों में भ्रमण करती हुई नीयत स्थान पर समाप्त हुई इस दौरान अनेक स्थानों पर भक्तों द्वारा पुड़ी सब्जी,फल,मिष्ठान आदि के रूप में प्रसाद वितरित किया गया।सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार,नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ,चौकी प्रभारी ऋषि कपूर आदि सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 55 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कुल 55 जोड़ो ने एक दूसरे का हाथ थामा विवाह समारोह आयोजन में क्षेत्रीय विधायक समेत ब्लाक कर्मी समेत जोड़ो के परिजन मौजूद रहे

विकास खण्ड कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विधान सभा क्षेत्र के 55 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधे।जिसमे सफीपुर ब्लाक के 25,मियांगज के 22 और नगर पंचायत सफीपुर के 6 व हैदराबाद नगर पंचायत के 2 जोड़े शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर,खण्ड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देकर सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की इस विवाह समारोह के अवसर पर एडीओ पंचायत छोटेलाल ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र भूषण सक्सेना शुभम वर्मा आशीष शुक्ला सिद्धांत वर्मा समेत सभी ब्लाक कर्मी मौजूद रहे

## वृद्ध समाजसेविका का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के सहिला गाँव निवासिनी समाजसेविका का निधन हो जाने से क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गयी।सहिला गाँव निवासिनी शिव कुमारी बाजपेयी पत्नी स्व० शशि शंकर बाजपेयी का बुधवार दोपहर करीब 2 बजे निधन हो गया। वह लगभग 84 वर्ष की थी। दिवंगत शशि कला बाजपेयी पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रधान भी रह चुकी है। वर्तमान में उनकी एक बहु सीमा बाजपेयी सुमेरपुर ब्लॉक प्रमुख है जबकि उनके पांच पुत्रो में एक पुत्र योगेश बाजपेयी जिला पंचायत सदस्य,प्रधान रह चुके है जबकि वर्तमान में क्षेत्र पंचायत सदस्य है। समाजसेविका का अंतिम संस्कार गुरुवार शुबह 10 बजे बक्सर घाट पर किया जाएगा। उनके निधन पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद अवस्थी, मुन्ना सिंह,बैजनाथ सिंह,रज्जन सिंह,नंदू बाजपेयी,दिनेश दीक्षित ,जुगुल किशोर मिश्रा,गणेश नारायण शुक्ला,धन्नर तिवारी आदि ने घर जाकर दुःख ब्यक्त किया है।

## महाशिवरात्रि पर गंगा तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पतित पावनी गंगा मां में महाशिवरात्रि के अवसर पर स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब बना रहा वही मंदिरों में भक्तगण पूजा अर्चना कर चल रहे भंडारे में प्रसाद को ग्रहण किया

हिंदू धर्म का पर्व महाशिवरात्रि पूरे क्षेत्र में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया मंदिरों में दिन भर भक्तगणों का आना जाना बना रहा कस्बों गांवों में जगह-जगह कीर्तन भजन भंडारों का आयोजन चलता रहा महाशिवरात्रि के अवसर पर पतित पावनी गंगा मां के जल में स्नान के लिए बक्सर धाम में सुबह से ही गंगा के तट पर श्रद्धालु पवित्र गंगा में डुबकी लगाते रहे शक्ति पीठ मां चंडिका देवी मंदिर व अन्य मंदिरो में पूजा अर्चना करते रहे गंगा के किनारे मुंडन भंडारे आदि के आयोजन लोगों द्वारा किए गए प्रशासन की तरफ से कोई भी अनहोनी घटना न घटने पाए इसके लिए सुरक्षा कर्मी भी उपस्थित रहे

चंडिका देवी धाम बक्सर में पतित पावनी गंगा जल में नाव की जगह चल रही मोटर बोट की आवाज शोर शराबे से पर्यटकों को परेशानी उत्पन्न हो रही है गंगा को साफ करने वाले दुर्लभ जीव जंतुओं के अस्तित्व को भी खतरा उत्पन्न हो गया है मोटर बोट से घूमने के लिए पर्यटकों से ?50 से लेकर 100 से 200 प्रति व्यक्ति वसूल रहे हैं एक साथ लगभग 10लोग बैठ रहे हैं बचाव के लिए कोई भी उपकरण नाव में नहीं हैं मोटर वोट चालक नेम प्लेट नहीं मोटर वोट में नम्बर भी नहीं पड़ा है जिससे किसी भी समय कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है

## सम्पादकीय

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे पैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपाचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है।

यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके।

वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

विमर्श

मनोज कुमार अग्रवाल



# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं।

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित

दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित

प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है। *- शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

## ट्रेंड

### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सफाईकर्मी को वेतन



महाकुंभ खत्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

### अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल

अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था।'रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है।



## ऑफ बीट

### घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा

गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं



## संक्षेप

### नानपारा मस्जिद हकीम केसर में दस्तारबंदी का प्रोग्राम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बहराइच के मदरस्तुल-मदीना फैजान गाजी नानपारा मस्जिद हकीम केसर में अल्हम्दुलिल्लाह, अजवज्जल एक अजीमुस्सान दस्तारबंदी का प्रोग्राम किया गया। जिसकी शुरूआत कुराने पाक की तिलावत और आयते करीमा पढ़कर शुरू की गई। इसके बाद नात ख़्वान रईस भाई, शुजा भाई, अबुतल्हा अत्तरी (मदरस्तुल-मदीना फैजान गाजी) के छोटे छोटे बच्चों ने नाते और दुआए पढ़ी और मौलाना हजरत सैयद वजीहुद्दीन शोएब साहब ने खुसुसी बयान फरमाया और मदनी काफिलो में आने की दावत दी। हजरत मौलाना मोइनुद्दीन खान साहब ने भी बहुत ही नृमदिली के साथ खुसूसी बयान किया। इसके बाद 25 से 30 बच्चों को एग्जाम के सर्टिफिकेट यानी असनाद दिया गया। बच्चों की हौसला अफजाई के लिए तोफे वा इनामो वा इकराम से नवाजा गया। फिर दुआ पढ़ी गई। इस दौरान प्रिंसिपल मौलाना मुनीर, कारी मेहमूद, मास्टर मसूद, ने हाजी राशिद अली साहब, हाजी जाकिर साहब, हाजी चांद बाबू साहब, हकीम तुफेल साहब, रईस भाई, सूजा भाई, और भी हाफिजो ओलमा मौजूद रहे।

### दलित युवती से छेड़खानी और मारपीट का मामला

सुलतानपुर, लंभुआ में एक दलित युवती के साथ छेड़खानी और मारपीट की घटना सामने आई है।24 वर्षीय पीड़िता के अनुसार, रविवार शाम को वह अकेली घर पर थी। उसकी मां दुकान गई हुई थी। इसी दौरान गांव का रवि उपाध्याय उसके घर पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और उसे मारने के लिए दौड़ा। युवती जान बचाकर घर के अंदर भागी। आरोपी वहां भी पहुंच गया और उसे मारने-पीटने लगा।युवती की आवाज सुनकर उसके पिता मौके पर पहुंचे। इस पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। बाद में आरोपी के पिता और चचेरे भाई भी पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने भी जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकियां दीं। सोमवार को जब पीड़िता अपनी मां के साथ थाने जा रही थी, तब भी उन्हें रास्ते में धमकाया गया।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कांग्रेस ने लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर पखरौली स्थित अधूरे राष्ट्रीय राजमार्ग पुल और रेलवे स्टेशन के खराब सीसीटीवी कैमरों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि महाकुंभ के दौरान करोड़ों श्रद्धालु काशी विश्वनाथ और अयोध्या दर्शन के लिए आए। इस दौरान अधूरे पुल निर्माण के कारण लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 90 कन्याओं का विवाह

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व परिजनों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

**बाबुल का ऑगन बना गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा व शिवपुर तथा नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत मिहीपुरवा की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 83 व अल्पसंख्यक समुदाय की 07 सहित कुल 90 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवरलाल गोंड द्वारा संयुक्त रूप से शंकर भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। जबकि बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक बलहा सोनकर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जनकल्याण हेतु विशेष कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसी योजना संचालित करने के लिए में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देती हूॅ। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व के अवसर पर अत्यन्त शुभ मुहुर्त में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मैं अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूँ। श्रीमती सोनकर ने प्रथम वेदी पर बैठ कर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न करने के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान करते हुए, समस्त जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व सांसद बहराइच श्री गोंड ने कहा कि रानी सशक्तिकरण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनके नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश संरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठी योजना है जिसमें जिसमें गरीब परिवार की बेटियों का सरकारी खर्च पर विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 01 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह के लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। पूर्व सांसद श्री गोंड ने नवविवाहित दम्पतियों को वैवाहिक सामग्री का वितरण करते हुए खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम दीपक सिंह, उपायुक्त मनरेगा के सतीश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी, मिहीपुरवा विनोद कुमार यादव, बलहा सुश्री अर्पणा, नवाबगंज राहुल पाण्डेय, शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक समाज कल्याण देवव्रत शर्मा उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- सुरक्षा के व्यापक व कड़े इंतजाम, राजस्व व पुलिस फोर्स मौजूद
- विगत दिनों पूर्व ही डीएम व एसपी सहित तहसील प्रशासन ने सुरक्षा के मद्दे किया था यहां दौरा

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व पर बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का उमड़ा सैलाब। हजारों श्रद्धालुओं ने शिव पार्वती का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया संपन्न। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत थाना खैरीघाट पुलिस फोर्स सहित राजस्व महकमा भी मौजूद।

देशभर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में देवाधिदेव शिव व माता भगवती (पार्वती) के पूजन अर्चन की उमंग है। जिसके चलते प्रसिद्ध शिवालयों में आज श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जुटी हुई है। महाशिवरात्रि पर्व को शासन की मंशा के अनुरूप शांति पूर्वक संपन्न कराने में जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर है। जनपद बहराइच के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के महादेवा में प्राचीनतम व मनोकामना सिद्ध शिवमंदिर बाबा बूढ़ेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध है। यहां प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में रामायण, संकीर्तन, वेदपाठ, संस्कार, भंडारा आदि संपन्न होते हैं। आज महाशिवरात्रि के महापर्व पर यहां हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम देखा गया। सुरक्षा के दृष्टिगत पहले से ही रूपरेखानुसार व्यवस्था चाक चौबंद रही। थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई। थानाध्यक्ष स्वयं मोर्चे पर डटे रहे। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव, नायब तहसीलदार अक्षय पांडेय व हर्षित पांडेय, रा0नि0 मिश्रीलाल, लेखपाल शुभम यादव, पंकज कुमार, उपनि0 टी एन मौर्या, राम आधार यादव,प्रमोद कुमार, रंजीत वर्मा आदि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था मे सक्रिय रहे।

## विहिप व कांवरिया संघ के द्वारा निकाली गई शिव बारात व शोभायात्रा



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कई स्थानों पर जहां शिव बारात शोभायात्रा का आयोजन हुआ वही शिव मंदिरों में भारी संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि के पर्व पर बुधवार को रिसिया बाजार में भव्य शिव बारात एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व कांवरिया संघ के द्वारा किया गया ।मुख्य बाजार से निकल गई भव्य शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह व उनकी टीम के चंद्रिका प्रसाद वर्मा ,शिवम वर्मा, हरीश वर्मा कांवरिया संघ के शशांक सिंह प्रवीण कुमार श्रीवास्तव आकाश श्रीवास्तव सत्यम श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या शिव भक्तों की उपस्थिति रही ।विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित की गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से रिसिया थाना क्षेत्र की पुलिस व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रयागपुर दलबदल के साथ उपस्थिति रहे ।

## कुंडासर चौकी का पुलिस कप्तान ने किया उद्घाटन

### श्रवण-धनिष्ठा नक्षत्र का संयोग, कई स्थानों पर मेला भी आयोजित होगा

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासर पुलिस चौकी का शिवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य उद्घघाटन हुआ उद्घघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी बहराइच आर एन सिंह व विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी रमानन्द कुशवाहा रहे एसओ फखरपुर राजेश शुक्ला द्वारा जन सहयोग से पुलिस चौकी बनवाई गई चौकी का बुधवार शाम को उद्घघाटन करने पहुँचे एसपी आरएन सिंह व एडिशनल एसपी रमानन्द कुशवाहा को थाने के समस्त पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। तद्पश्चात मौके पर मौजूद एसओ व समाजसेवियों ने गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया पँडित जमुना प्रसाद पाठक दुर्गेश मिश्रा व रोशन पाठक ने वैदिक मंत्रों से चौकी पर हवन पूजन करवाया। तद्पश्चात एसपी ने रिबेन काटकर उद्घघाटन किया और चौकी प्रांगण में कुछ पौधों का रोपण किया। इस मौके पर एसओ ने आए हुए समस्त गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया व समाजसेवियों के जनसहयोग से बनाई गई चौकी के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक बहराइच में अपने संबोधन में कहा कि आने वाले त्योहारों में आमजनमानस से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करता हूं और जन सहयोग से पुलिस चौकी के निर्माण पर सहयोग करने वाले व्यक्तियों का आभार प्रकट किया और वादा किया कि जिस प्रकार से लोगों ने सहयोग करके पुलिस चौकी निर्माण कराया है, उसी को दृष्टिगत कानून कायदे में रहते हुए पुलिस सभी का सहयोग करेगी। एसपी ने थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी को चौकी बनवाने के सहयोग की सराहना की ।इस मौके पर पेशकार यादव कृष्णा नन्द शुक्ला बब्लू शुक्ला अम्बिका वर्मा लाडली प्रसाद वर्मा पारले मिल पीएम अनिल यादव कैसरगंज समाजसेवी बकाउल्ला ग्राम प्रधान रियाज अहमद फारुख खा रजि अहमद मु नसीम अजय सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, श्याम सिंह वर्मा, अनिल सिंह, शिवा जी पाण्डेय,मुकेस पाठक हिर्दय राम चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र शर्मा एस आई केके सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी



**पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के साथ पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## शहरों में प्रदूषण रोकने की नई पहल

### जापानी मियावाकी पद्धति से बनेंगे घने जंगल, हर 1.5 से 10 मीटर पर लगेंगे पेड़

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, शहरी क्षेत्रों के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक नई पहल की जा रही है।

शासन के निर्देश पर जापान की मियावाकी पद्धति से डेंस फॉरेस्ट की स्थापना की जाएगी। इस योजना को आगे बढ़ाते हुए अमेठी के डीएफओ रणवीर मिश्र ने जिले की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। योजना के तहत नगर निगम में दो एकड़ और नगर पालिका और नगर पंचायत में एक-एक एकड़ जमीन पर घने जंगल विकसित किए जाएंगे। मियावाकी पद्धति के अनुसार पेड़ों की विभिन्न परतें बनाई जाएंगी। हर 10 मीटर की दूरी पर बरगद, आम, पाकड़ और गूलर जैसे बड़े पेड़ लगाए जाएंगे। डेंस फॉरेस्ट बनाने की प्रक्रिया होगी शुरू तीन मीटर की दूरी पर जामुन और नीम के पेड़ लगेंगे। साथ ही हर डेढ़ मीटर पर नींबू और करौंदा जैसे छोटे पेड़ों का रोपण किया जाएगा। डीएफओ का कहना है कि जैसे ही जमीन उपलब्ध होगी, डेंस फॉरेस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस पहल से शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद है।

## भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष की दबंगई

- पार्क की सफाई कर रहे लोगों पर की फायरिंग, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

अमन लेखनी समाचार



बांदा, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने पार्क की सफाई कर रहे लोगों पर फायरिंग कर दी। नगर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारी रोड स्थित एक भूखंड पर राजेश गुप्ता ने गेट लगवाकर कब्जा कर लिया था। मोहल्लेवासियों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच कराई। जांच में पता चला कि यह जमीन बांदा विकास प्राधिकरण में पार्क के रूप में दर्ज है। जिला प्रशासन ने राजेश गुप्ता को कब्जा हटाने का आदेश दिया था। आज मोहल्लेवासी श्रमदान कर पार्क की सफाई करा रहे थे। इसी दौरान राजेश गुप्ता अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने एसपी सिंह उमाकांत समेत कई लोगों को सफाई करने से रोका। विवाद बढ़ने पर राजेश गुप्ता ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल निकालकर फायरिंग कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में माफिया राज खत्म करने का अभियान चला रहे हैं। वे लगातार अपनी पार्टी के लोगों को भी गलत कामों से दूर रहने की हिदायत दे रहे हैं।

## शादी की तैयारियों के दौरान दबंगों का हमला

### बांदा में पुलिस लाइन के पास परिवार पर किया पथराव, पिता समेत कई घायल

अमन लेखनी समाचार

बांदा, पुलिस लाइन के निकट एक परिवार पर दबंगों द्वारा किए गए हमले का मामला सामने आया है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहां गंगादीन की बेटी की अगले दिन शादी थी।



वैवाहिक रस्मों के दौरान मोहल्ले का दबंग अनुराग पटेल अपने पांच साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने गंगादीन, उनकी पत्नी सीमा और दोनों बेटों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पथराव भी किया, जिसमें गंगादीन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अनुराग और उसके करीब आधा दर्जन साथी आए दिन शराब पीकर गुंडागर्दी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## दलित युवती ने एसपी से लगाई गुहार

### पीड़िता बोली- पति दूसरी शादी की तैयारी में, जाति को लेकर किया प्रताड़ित

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर,एक दलित युवती ने न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली की रहने वाली युवती ने बताया कि बल्दीराय थाना क्षेत्र के पुरे कानपुरिहा निवासी अमित यादव से उनकी पहचान दिल्ली में हुई थी। अमित ने युवती से शारीरिक संबंध बनाए और कई बार गर्भपात भी करवाया। शादी के लिए दबाव बनाने पर अमित ने अगस्त 2024 में आर्य समाज मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। शादी के बाद जब अमित के भाई-भाभी को पता चला कि युवती दलित समाज से है, तो उन्होंने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और दहेज की मांग करने लगे। इस बीच अमित कुंभ स्नान का बहाना बनाकर दिल्ली से सुल्तानपुर आ गया। युवती को जब पता चला कि 25 फरवरी 2025 को अमित की दूसरी शादी होनेवाली है, तो वह तुरंत सुल्तानपुर पहुंची ।उसने बल्दीराय थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक से मदद मांगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी धीरज कुमार को फोन कर युवती की मदद का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अमित के परिवार और दूसरी शादी में शामिल लोगों को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## मुसाफिरखाना में दिव्यांगों की बैठक

### 6 माह से पेंशन न मिलने से नाराजगी, आंदोलन की बनाई योजना; राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

अमेठी , मुसाफिरखाना में सशक्त दिव्यांग आत्मनिर्भर समिति के बैनर तले दिव्यांगों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। गांधी पार्क में आयोजित इस बैठक में सैकड़ों दिव्यांग एकजुट हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में उन्होंने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। दिव्यांगों ने आवास और पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे शोषण पर रोष जताया। उनका कहना है कि सरकारी कार्यालयों में उनकी सुनवाई नहीं होती। अधिकारी उन्हें परेशान करते हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए वे राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में समिति की जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अमेठी निवासी प्रमोद कुमार तिवारी को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया। हरिप्रसाद यादव को जिला अध्यक्ष बनाया गया। सभी दिव्यांगों ने अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया।

## 20 शातिर अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

### गैंगस्टर-गुंडा एक्ट गौतस्करों पर कार्रवाई, पुलिस की रहेगी विशेष निगरानी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर 20 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन अपराधियों में करौदींकला थाना क्षेत्र के प्रभात सिंह उर्फ प्रान्सू और सूरज सिंह शामिल हैं। गोसाईगंज थाना क्षेत्र से बाबी सिंह, इकराम उर्फ इकरामुद्दीन और जाबाज की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। बन्धुआकला थाना क्षेत्र से मोहम्मद तस्लीम, कादीपुर से प्रेम और शुभम उर्फ बवाली दूबे, कोतवाली देहात से मुसीद अहमद की निगरानी की जाएगी। कूरेभार थाना क्षेत्र से अमित यादव और अखण्डनगर से गुलशन व प्रिन्स राजभर शामिल हैं। पुलिस रखेगी नजर लम्भुआ थाना क्षेत्र से अखिलेश यादव, नूर आलम और सलमान की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। बल्दीराय थाना क्षेत्र से अनिल यादव, लकी यादव और हसनैन शामिल हैं। गोसाईगंज से जावेद और मोतिगरपुर से वीरप्रताप सिंह उर्फ वीरबहादुर सिंह की भी निगरानी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन सभी अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यह कार्रवाई जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए की गई है।

## संक्षेप

### कस्बे ने भंडारे के दौरान मधुमक्खियों ने किया हमला, कई लोग हुए घायल ,एक गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में अलग अलग स्थानों पर महाशिवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है कही भगवान की झांकी तो कही भंडारा का आयोजन किया गया उसी क्रम में कस्बे के पैगंबरपुर में इमलिया बाग के समीप के शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सभी भक्त भगवान भोलेनाथ के प्रसाद को पा रहे थे तभी पास के पीपल के वृक्ष से मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई कई लोग अपनी अपनी जान बचा कर भागे कई लोग पास के गेहू के खेत में जाकर जान बचाई इसमें 10 लोग घायल हो गए एक भक्त गंभीर घायल हो गया गंभीर घायल में रवि उम्र 35 वर्ष पुत्र राजेश निवासी महाजनीगली बिन्दकी फतेहपुर तथा अन्य घायल में शत्रुघन,उज्जवल ,दुर्गेश ,पिंटू मोहित आदि रहे।

### जेल में निरुद्ध कैदी की मौत से परिजनों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।कुरारा थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी राकेश पुत्र बब्बू (30) थाना बिवांर के भुगैचा गांव में वर्ष 2011 में चचेरे मामा श्रीचंद की हत्या में आरोपी बना था।उसे बीते मार्च माह में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। तब से राकेश जेल में निरुद्ध है ।जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात जेल में राकेश की तबियत बिगड़ी।उसे सीने में दर्द के साथ ही उल्टी हुई।पहले जेल के अस्पताल में भर्ती किया गया। आराम नहीं मिलने पर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।रात में ही राकेश के परिजनों को सूचना दे दी गई ।मृतक के पिता बब्बू पाल ने बताया कि पुत्र पूरी तरह से स्वस्थ था। बताया कि जेल प्रशासन द्वारा बेटे की तबियत खराब होने की सूचना पर जिला अस्पताल पहुँचे जहाँ से उन्हें जेल भेजा गया वहां बेटे की मौत की खबर मिली। बताया कि पहले 18 फरवरी को जेल में मुलाकात की थी। इसके बाद 25 फरवरी को फोन द्वारा बात हुई थी तब तक राकेश पूरी तरह स्वस्थ था ।घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया है।

### थाने के सामने शव रखने वालों पर एफआईआर

गाजियाबाद, मोदीनगर में थाने के सामने युवक का शव रखकर जाम लगाने वालों पर पुलिस ने दर्ज किया गया है।डीसीपी के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। जहां भीड़ ने रविवार शाम थाने के गेट पर शव रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। गाजियाबाद के मोदीनगर के जगतपुर निवासी बोबी (32 साल) भोपाल सिंह 19 फरवरी की रात को बाइक से अपने घर जा रहा था।

# दर्द से भटक रही पीड़िता, पति ने बनाया दूसरी युवती से लिव इन रिलेशन

## पहली पत्नी के बिना अनुमति के किया असंवैधानिक कृत्य

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।नवीन कानून के आधार पर व्यक्ति पहली पत्नी के जीवित रहने पर भी पत्नी की कानूनी अनुमति मिलने पर लिव इन रिलेशन दूसरी महिला से कर सकता है परंतु बिना किसी अनुमति के ऐसा असंवैधानिक कार्य करना एक जघन्य अपराध है ताजा मामला जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के गांव पतारी पोस्ट आलमपुर की पीड़िता अलका खातून पुत्री मोहम्द हलीम का आया जहां दहेज को लेकर पीड़िता को निरंतर पीड़ित किया गया वही पीड़िता के जीवित रहने के बाद भी बिना तलाक लिए पति दूसरी युवती के साथ रिलेशनशिप में लिखित रूप में देखा गया पीड़िता ने मीडिया से मुखातिब होकर बताया कि उसका निकाह थाना ललौली के बहुआ कस्बे में 29 मई 2013 को अयान शेख उर्फ सफीक पुत्र स्वर्गीय बकरीदी नाम के युवक से हुई थी निकाह के पश्चात चार पहिया वाहन दहेज को लेकर ससुराली जनों ने प्रताड़ना देना शुरू कर दिया जिससे आहत होकर पीडिता अपने मायके में जीवन यापन करते हुए न्यायालय से न्याय मांगने के लिए मुकदमा दर्ज कराया वही कोर्ट के आदेश अनुसार पीड़िता पुनः ससुराल पहुंची जहां पति समेत ससुराली जनों ने निरंतर दहेज चार पहिया वाहन इत्यादि के की मांग करते हुए निरंतर मारपीट की महिला ने अपने बयान में बताया कि उसके पेट में पल रहे शिशु का गर्भपात भी ससुराली जनों ने जबरन कराया जब कि यह जघन्य अपराध है दहेज की मांग करते हुए पति अयान ने दूसरी लड़की के साथ अफेयर होने की बात बताई जिसकी जानकारी मिलते ही पीड़िता ने ससुराली जनों को भी जानकारी दी परंतु किसी भी व्यक्ति ने पीड़िता की बात नहीं सुनी पीड़िता ने बताया कि वह आहत होकर पुनः अपने मायके आ गई वहीं कुछ दिवस बीतने पर जेठ रफीक द्वारा पीड़िता को जानकारी दी गई कि उसका भाई एक युवती के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा है जबकि न्यायालय पर मुकदमा पहले से विचाराधीन है पहली पत्नी के बिना अनुमति के युवक अयान ने किसी अन्य युवती के साथ लिव इन रिलेशनशिप बनाया जो कानूनी तौर पर अपराध है इसी मामले को लेकर पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है देखना यह है कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले अपराधी को न्यायालय कब तक शिकंजे से बाहर रखेगा

# वृंदावन के कलाकारों ने किया कृष्ण जन्म लीला का अद्भुत मंचन

## चंद्रावली लीला में भक्ति और प्रेम का अनोखा संगम, दर्शक हुए भाव-विभोर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, देवमई। ब्लाक के मुसाफा धाम स्थित स्वंभू शिवलिंग बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर में 42वें वर्ष के महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन पूरे भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ संपन्न हो रहा है ।

यह मंदिर न सिर्फ आस्था का केंद्र है, बल्कि इसे सिद्धपीठ के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। यह वही पावन धाम है, जहां प्रसिद्ध संत ब्रह्मलीन विरक्तानंद नंद ( श्रीशोभन सरकार ) के नाम से जाना जाता है, और श्री मौनी सरकार ने कठोर तपस्या की थी। इस मंदिर की ऐतिहासिकता लगभग 500 वर्षों से भी अधिक पुरानी मानी जाती है, जिसे संतों की साधना स्थली के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक शिवधाम में जुटे। भोर से ही कांवड़िए पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे और बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी का जलाभिषेक किया। बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिनभर रुद्राभिषेक, हवन और पूजन का आयोजन चलता रहा। आचार्य प्रदीप शास्त्री के नेतृत्व में आचार्यों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।रात्रि में वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा रासलीला का भव्य मंचन किया गया।कृष्ण जन्म लीला के दौरान जैसे ही भगवान कृष्ण प्रकट हुए, श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। बुधवार दिन में चंद्रावली लीला का भी सजीव मंचन हुआ, जिसमें गोपियों की भक्ति और कृष्ण के प्रति उनकी आत्मीयता को बड़ी ही सुंदरता से दर्शाया गया।व्यास भुवनेश पाठक की प्रभावी वाणी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन को भव्य बनाने में समिति के सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।इस शुभ अवसर पर अमित तिवारी, गौरव शुक्ला, सोमनाथ तिवारी, राजकिशोर तिवारी, हर्षित, रवि किशोर तिवारी, दीपक, गोपाल शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, संजय तिवारी, प्रतीक तिवारी, आयुष पांडे, अभिषेक तिवारी, राजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हर हर बम बम से गूंजे शिवालय भक्तों ने किया अभिषेक



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर` महाशिवरात्रि पर्व को लेकर समूचे जनपद में जगह-जगह भगवान शिव तथा माता पार्वती का अभिषेक एवं पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ जनपद के ऐतिहासिक स्थल जैसे सदर के तांबेश्वर महादेव थवई गाँव में थवईश्वर अरगल के अरगलेश्वर दपसौरा के फलतेश्वर जहानाबाद के बाणेबाबा राजराजेश्वर महादेव अमौली के बैजनाथ धाम मल्लिकार्जुन धाम तथा गूढेश्वर अखंड धाम चांदपुर में भक्तों का विशाल जन समुदाय पूजा अर्चना के लिए उमड पड़ा ऐतिहासिक स्थलों के कपाट रात्रि 12 बजे खोल दिए गए वहीं शासन प्रशासन की मुस्तैद व्यवस्था की निगरानी पर भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन तथा पूजा अर्चना की जगह-जगह भगवान शिव का अद्भुत श्रंगार कर वेद मंत्रों से महा रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया वहीं कन्या भोज के बाद भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया ऐतिहासिक स्थलों में लगे मेले में आए हुए दर्शकों ने जमकर खरीदारी की वहीं चप्पे चप्पे पर पुलिस बल मौजूद रहो

# नोनारा गांव में 26 फरवरी 1931 की यादें हुई ताजी

## गांव के शहीदों समेत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नोनारा के अमर सपूतो के बलिदान को स्मरण करते हुए पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक स्थल में श्रद्धांजलि समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी साहित्यकार लोकनाथ पाण्डेय एवं कुशल संचालन शिक्षक देवकांत तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल संरक्षक पूर्व शिक्षक विशंभर नाथ तिवारी रामकिशोर तिवारी प्रधान प्रतिनिधि राजेश उत्तम अजीत उत्तम मुनीश उत्तम डॉक्टर संदीप तिवारी लक्ष्मीकांत पंकज तिवारी समेत भारी संख्या में पहुंचे क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने 26 जनवरी वर्ष 1931 को स्मरण करते हुए अमर सपूतो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्तंभ पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी बुजुर्ग ग्रामीण रामकिशोर तिवारी ने बताया कि विगत 1931 की 26 फरवरी को लगान को लेकर आंदोलन के दौरान तत्कालीन तहसीलदार अवध बिहारी श्रीवास्तव हुआ जमींदार ने मिलकर गांव में कहर भर पाया जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को पीट कर मौत के घाट उतार दिया मारपीट में मौके पर ही किसान पण्डित शिवनारायण तिवारी बलिदान हो गए वहीं बद्री कुर्मी तथा जागेश्वर घायल हुए जिनकी हालत देख ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ा और तहसीलदार को मौत के घाट उतार दिया कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने राष्ट्रीय गीत नुक्कड़ नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत करते हुए मौजूदा जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया

# संदीप सिंह बने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है।संदीप सिंह के अध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों समाजसेवियों व्यापारियों तथा राजनीतिक दलों के लोगों ने बधाई दी है ।आज बुधवार को दिन की कस्बे में पहुंचे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके तिवारी तथा महामंत्री सुजान सिंह गौतम ने सर्वसम्मत से नगर के ललौली रोड निवासी वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील बिंदकी का अध्यक्ष नियुक्त किया।संदीप सिंह के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पत्रकारों राजनीतिक दलों समाजसेवी तथा व्यापारियों ने बधाई दी है ।लोगों ने कहा कि संदीप सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद पत्रकारों का संगठन मजबूत होगा ।नियुक्त पत्र सौंपते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व महामंत्री ने नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष संदीप सिंह को निर्देशित किया कि जल्दी संगठन की इकाई बनाकर भेजने का काम करें। बताते चलें कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संदीप सिंह का मूल गांव क्षेत्र का डीघ गांव है। वह लंबे समय से बिंदकी कस्बे में रह रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार हैं।



# गाजे बाजे के साथ निकली भगवान शिव जी की बारात

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत महाशिवरात्रि के मौके पर नगर में भगवान शिव जी की बारात परंपरागत ढंग से धूमधाम से पूजा उपरांत निकली गई। भगवान शिव जी की बारात नगर के प्रमुख मार्गों में घूमि। बारात चलने के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा जग-जग प्रसाद बांटा गया।लोगों में खासकर युवाओं में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

बिंदकी नगर में महाशिवरात्रि के मौके पर गाजे बाजे के साथ भगवान शिव जी की बारात निकाली गई । यह बारात बिंदकी कस्बे के मोहल्ला की छिपहटी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। मोहल्ला बजरिया खजुहा चौराहा मुगल रोड ललौली चौराहा होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों में घूमि।बारात चलने के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। भगवान शिव जी की बारात यात्रा के दौरान बारात में भगवान शिव तथा पार्वती की झांकी राधा कृष्ण की झांकी श्री गणेश भगवान की झांकी सहित विभिन्न प्रकार की झांकियां मौजूद रही।

महाशिवरात्रि के मौके पर नगर के निकट बाबा कुटी मंदिर किलेश्वर मंदिर ललौली रोड स्थित शिव मंदिर तथा विभिन्न शिवायों में पूजा अर्चना की गई। देर शाम तक कई स्थानों पर भंडारा चलता रहा। लोगों ने प्रसाद पाया और धन्य समझा ।

### डूडेश्वर मंदिर में गूंजा हर हर महादेव

बिंदकी कस्बे के प्रचीन प्रमुख आस्था का केंद्र डूडेश्वर महादेव मन्दिर मे भोर पहर से शिव भक्तों का तांता लगा रहा।महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने मंदिर के पुजारी बाबा श्याम नारायण मिश्र के सानिध्य में विधिवत पूजना अर्चना कर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक शिव भक्त श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही।

# चार दिन तक बुजुर्ग को बनाया डिजिटल अरेस्ट

## मनी लॉन्ड्रिंग , देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त बताकर 18 लाख ठगे

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, साइबर अपराधियों ने 83 साल के बुजुर्ग को मनी लॉड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 18 लाख रुपए ऐंठ लिए। ठगों ने बुजुर्ग को चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। बुजुर्ग से और पैसे की मांग की गई तब उसे ठगी का एहसास हुआ।पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-41 के जे ब्लॉक निवासी भूषण लाल भान ने बताया कि वे 83 साल के हैं।इसी माह 11 फरवरी को आईवीआर के जरिए भूषण लाल के पास अनजान नंबर से एक कॉल आई। कॉलर की ओर से बताया कि भूषण लाल के आधारकार्ड समेत अन्य दस्तावेज एक खेप में मिले हैं।उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है।इसके बाद ठगों ने बुजुर्ग को स्काइप कॉल पर ले लिया। वीडियो कॉल पर बुजुर्ग को मुंबई पुलिस के दो अधिकारियों के साथ जोड़ा गया। दोनों ने पीड़ित से कड़ाई से पूछताछ करनी शुरू की और जेल जाने का डर दिखाया। कथित पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को जांच में सहयोग करने के लिए कहा। ऐसा न करने पर स्थानीय पुलिस को घर भेजकर पकड़वाने की धमकी दी गई।बुजुर्ग को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि उसके साथ क्या हो रहा है। इसके बाद कॉल कथित सीबीआई अधिकारी को भी ट्रांसफर कर दी गई। अधिकारियों ने बुजुर्ग से कहा कि उसके खिलाफ बेहद संगीन धारा में केस दर्ज हुआ है। देशविरोधी क्रियाकलाप करने की धारा में केस दर्ज होने के कारण अगर उसने किसी को पूछताछ संबंधी जानकारी दी तो बिना सुनवाई किए ही गिरफ्तारी होगी। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारियों ने बुजुर्ग के परिवार और बैंक खाते के बारे में जानकारी ली।अंत में बुजुर्ग से कहा गया कि उसके खाते में जितनी रकम है उसे ट्रांसफर कर दे।

खाता संख्या ठगों की ओर से उपलब्ध कराई गई। जांच के बाद ट्रांसफर हुई रकम मूल खाते में वापस करने का भी ठगों ने भरोसा दिलाया। डर के चलते बुजुर्ग ने 11 फरवरी को ठगों द्वारा बताए गए बैंक के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद तीन लाख रुपए और ट्रांसफर करने को कहा गया।बुजुर्ग ने उधार लेकर यस बैंक के खाते में रकम दोबारा ट्रांसफर कर दी।

# महिला पार्षद-सफाईकर्मियों में हाथापाई

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर; छेड़खानी और भ्रष्टाचार के आरोप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, महिला पार्षद और सफाई कर्मचारियों में हाथापाई का वीडियो सामने आया है।इसमें दोनों ही पक्ष एक दूसरे से भिड़ते नजर आ रहे हैं। इसमें नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी दोनों पक्षों को शांत करा रहे हैं।वीडियो 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।साथ ही छेड़छाड़ और भ्रष्टाचार के एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।जो वीडियो सामने आया है वो मेरठ नगर निगम दफ्तर का बताया जा रहा है। वीडियो में वार्ड 14 से महिला पार्षद गुंजन नजर आ रही हैं। गुंजन भाजपा से पार्षद हैं। वहीं सामने कुछ सफाईकर्मी हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे से हाथापाई कर बहस कर रहे हैं। इसी बीच नगर निगम के अन्य कर्मचारी और अपर नगरायुक्त दोनों पक्षों को शांत कराते दिख रहे हैं। पूरा मामला गंभीर आरोपों से जुड़ा है।सफाईकर्मियों का आरोप है कि महिला पार्षद ने उनसे ड्यूटी के एवज में पैसे मांगे हैं।जिसका उन्होंने विरोध किया तो महिला पार्षद भड़क गई। वहीं महिला पार्षद का आरोप है कि सफाई कर्मियो ने उनके साथ मिसबिहेव और छेड़खानी की है। जब मैंने इसका विरोध किया तो ये कर्मचारी मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने लगे। अपर नगरायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों को शांत कराया गया। दोनों ही तरफ से थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बाकी नगर निगम स्तर पर भी मामले की जांच की जा रही है।

# लापता युवक का मामला

## परिजनों ने सैकड़ों लोगों के साथ थाने का घेराव किया, पुलिस ने दिया जांच का आश्वासन



अमन लेखनी समाचार

बागपत, छपरौली कस्बे में एक युवक की गुमशुदगी के मामले में बड़ा बवाल हुआ।पांच दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए फैसल की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने समाज के लोगों के साथ थाने के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ₹फैसल को न्याय दो, अपराधियों को गिरफ्तार करो₹ के नारे लगाए। उन्होंने सड़क जाम कर दी। परिजनों का कहना है कि पुलिस पर उन्हें विश्वास नहीं है। उनका आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। परिजनों ने आशंका जताई कि फैसल की हत्या की जा सकती है।थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देकर वापस भेज दिया।

# नौकर ने महिला को बंधक बनाकर लूटा

## लाखों की ज्वैलरी, कैश और कीमती सामान फॉर्च्यूनर से ले गए, फिर कार रास्ते में छोड़ी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, रिहाइशी सोसाइटी में एक महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।चोरों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है। पीड़िता सुमन यादव पत्नी राकेश यादव सेक्टर-61 में परिवार के साथ रहती हैं। शिकायत में बताया कि घर के काम काज करने के लिए बिहार निवासी राहुल को उसने रखा था।राहुल चार दिन पहले ही घर से आया था। 22 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे राहुल अपने दो साथियों के साथ घर पर आया। उस समय मैं अकेली थी।बताया गया पीड़िता नोएडा के एक नामी बिल्डर की पत्नी है। तीनों ने अकेला पाकर मुझे बंधक बना लिया। इसके बाद राहुल ने अलमारी की चाबी लेकर लॉकर में रखा जेवर और नगदी चोरी की। साथ ही प्रॉपर्टी के पेपर भी लेकर चले गए। तीनों ने मिलकर घर का कीमती सामान चोरी किया। इसके बाद जाने लगे।इस दौरान तीनों घर की पार्किंग में खड़ी फार्चूनर कार भी ले गए। हालांकि कुछ देर बाद ही कार सेक्टर-61 साई मंदिर के पास छोड़कर चले गए।

सुमन ने फोनकर पति को सारी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की।पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### बाइक और ई रिक्शा की टक्कर में पांच लोग गंभीर, सभी रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कपसा के पास नहर की पुलिया के सामने एक बाइक और ई रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस व डायल 112 के वाहन से सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कपसा के पास नहर की पुलिया के सामने मौदहा की ओर आ रही बाइक से ईरिक्शा की आमने सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार अंकित पुत्र जगदीश, वीरेन्द्र पुत्र इंद्रपाल निवासीगण खमरिया महोबा तथा गोरेलाल पुत्र संतोष निवासी मरौली सहित ईरिक्शा चालक पप्पू पुत्र रामखिलावन तथा ईरिक्शा में बैठे उरदना निवासी रूपेश कुमार पुत्र रामचरण गंभीर रुप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल हुये सभी लोगों को सूचना पर पहुंची डायल 112 के कर्मी विजय प्रताप व वीरबहादुर तथा एंबुलेंस 108 के ईएमटी अनु कुमार व पायलट रामपाल ने मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रिफर किया गया है।

### श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने बोला हमला, दहशत में लोग नहर में कूदे, 13 को पहुंचाया अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। शहर के संगमहेश्वर मंदिर में दोपहर करीब 12 बजे अचानक से मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला बोल दिया। इसमें 50 से अधिक श्रद्धालु जख्मी हो गए। दहशत में अधेड़ सहित कई लोग नहर में कूदकर जान बचाई। घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस टीम व एंबुलेंस कर्मियों ने 13 घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इनमें दो लोगों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक करने पहुंचे डॉ. संदीप

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। सनातन धर्म में महाशिवरात्रि को एक विशेष त्योहार के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष इस दिन भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्राकट्य पर्व के रूप महाशिवरात्रि मनाई जाती है। मान्यता है कि शिवजी के निराकार स्वरूप के प्रतीक 'लिंग ' शिवरात्रि के दिन महानिशा में प्रकट हुए थे और सबसे पहले ब्रह्मा और विष्णुजी के द्वारा पूजित हुए थे। इस पावन अवसर पर रठन का बाग स्थित शिव मंदिर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों सहित रुद्राभिषेक करने पहुंचे जहां क्षेत्रीय मुस्लिम धर्म के अनुयायियों द्वारा तिलक कर व पगड़ी पहनाकर पुष्प वर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर संदीप द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया एवं भगवान शिव से जग कल्याण की प्रार्थना भी की। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा देवों को देव महादेव शिव स्वयंभू, अनादि, अनंत और अविनाशी हैं। शिव लय और प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं जहां शिव को सरल और शांत रूप में देखा जाता है वहीं उनका क्रोध विनाशकारी भी सिद्ध होता है। हमारा जनपद झांसी अनादि काल से ही सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता है देश भर में कई बार सांप्रदायिक माहौल खराब हुआ लेकिन झांसी से कभी कोई ऐसी घटना सामने नहीं आई। हर धर्म के लोग त्योहारों को एक साथ मिलकर मनाते हैं आज मुस्लिम संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा शिव मंदिर पर सभी का स्वागत करना इस बात का अकाट्य उदाहरण है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे जनपद में सांप्रदायिक सौहार्द का यह वातावरण सदैव विद्यमान रहे। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच से जिलाध्यक्ष जयदीप खरे, पुरूकेश अमरया के साथ हरीश कुशवाहा, अमन सेन, उमेश कुशवाहा, अमन खटीक, अरुण कुशवाहा, जीत कुशवाहा, अभिषेक वाल्मीकि, कन्हैया रायकवार, अभिषेक चतुर्वेदी, मोहित अग्रवाल, रोहित कुशवाहा, अनुराज पांडे, सचिन चतुर्वेदी, सात्विक शर्मा, चौधरी जमाल, चौधरी उमर, चौधरी शब्बीर, आशिक कुरैशी, अफसर कुरैशी, चच्चा, जाहिद कुरैशी, मदउआ कुरैशी, इस्लाम कुरैशी, अकरम कुरैशी, गुप्ता, लाइट वाले जग्गा, चौधरी कमल, रणवीर, भूपेंद्र यादव, सुशांत गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, हगचंद्र, सुमित परिहार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सुल्तानपुर में कारीगर की संदिग्ध हालात में मौत

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना अंतर्गत बेरासा मजरे ऐंजर में रहने वाले 52 वर्षीय रमाकांत शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे पिछले एक साल से रामनाथ ठेकेदार के साथ कारीगरी का काम कर रहे थे। बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे रामनाथ ठेकेदार एक प्राइवेट वाहन से रमाकांत को उनके गांव बेरासा मजरे ऐंजर ले आए। ठेकेदार ने परिवार वालों को बताया कि रमाकांत को चोट लगी है और वे बेहोश हैं। इलाज कराने की बात कहकर ठेकेदार तुरंत वहां से चले गए। जब परिजनों ने देखा तो रमाकांत की मौत हो चुकी थी। उनके शरीर पर सिर, आंख और गर्दन पर चोट के निशान मिले। परिवार ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। बल्दीराय थाना प्रभारी धीरज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सपा धर्म की नहीं गांव, गरीब किसान की करती है बात

### पीडीए पंचायत में भाजपा पर बोला हमला

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी, बैजेमऊ एवं भटुरी में आयोजित पीडीए पंचायत में सपा नेताओं ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा धर्म की आड़ में गांव गरीब किसान की बात नहीं करती है। यह विकास के बजाय धर्म की आड़ में लोगों को गुमराह करके इनका भविष्य गर्त में डाल रही है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार ने कहा कि सपा ने कभी धर्म की राजनीति नहीं की। सपा संस्थापक अपने राजनीतिक जीवन में गांव गरीब किसानों छात्रों नौजवानों अल्पसंख्यकों महिलाओं के उद्धार के लिए संघर्षरत रहे और इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को लागू किया। सपा लोहिया जी, मुलायम सिंह, जनेश्वर मिश्र, कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों पर चल रही है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें समाज में भेदभाव नफरत पैदा कर रही हैं। धर्म के नाम पर देश समाज को गुमराह किया जा रहा है। संचालन ओपी सोनकर वारसी ने किया। इसके बाद सभी नेता सिसोलर में आयोजित शिव बारात में शामिल हुए। इस मौके पर घनश्याम साहू, मनीष यादव, सलीम खान, अरुण यादव, कृष्णा यादव, मलखान यादव प्रधान खैरी, मदनपाल, कामता प्रसाद, शिवकुमार पाल, राकेश अनुरागी, शिवकुमार यादव, विश्राम अनुरागी, बालेंद्र पाल, महेंद्र पाल, सुनील यादव, कंचन मिश्रा, विशंभर वर्मा, रामेश्वर दीक्षित, भोला मिश्रा, इंदल प्रजापति, शिवम मिश्रा आदि पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्रांतिकारी आन्दोलन के प्रणेता दामोदर वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रृद्धांजलि




अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन के प्रणेता दामोदर वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धान्जलि देते हुए कहा कि सावरकर सही मायने मे मां भारती के एक सच्चे सपूत थे। वीर सावरकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म नासिक महाराष्ट्र मे 28 मई 1883 को दामोदर सावरकर तथा यशोदा बाई के घर हुआ था। ये प्रारंभ से ही देशसेवी थे। ये ऐसे पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें गोरी सरकार ने दो बार आजन्म कारावास की सजा दी। ब्रिटेन मे इन्डिया हाउस की स्थापना कर आजादी की मुहिम को आगे बढाया। आजाद भारत में भी इन्होंने देश के लिये काम किया। कालांतर में इनका 26 फरवरी 1966 निधन हो गया। इस श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, महावीर, प्रिन्स, भोलू सिंह, आशुतोष, पंकज सिह, अजय, दस्सी आदि शामिल रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

### गरौठा में निकाली गई भव्य शिव बारात में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। गरौठा क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए उनका जलाभिषेक किया।इस दौरान कस्बा गरौठा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। शिव बारात का शुभारंभ कस्बा के श्री रामराजा मंदिर से डीजे एवं गाजे बाजे के साथ किया गया।इसके बाद शिव बारात प्राइमरी स्कूल, संतोषी माता मंदिर, मरई माता मंदिर, कोतवाली, सरकारी अस्पताल, कृषि मंडी, गरौठा खुर्द होते हुए सम्पूर्ण नगर में भ्रमण के पश्चात नदी उस पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची जहां विधि विधान से पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण के बाद शिव बारात का समापन हुआ। इससे पूर्व शिव बारात के दौरान नगर के सैकड़ों महिला पुरुष डीजे की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों पर थिरकते नजर आये।

नगर में जगह - जगह पुष्प वर्षा करते हुए शिव बारात का स्वागत किया गया एवं समाजसेवियों द्वारा बारात में शामिल भक्तों को शरबत , मिष्ठान व फल आदि का प्रसाद वितरित कराया गया।शिव बारात में शामिल भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों की जगह - जगह नगर वासियो ने तिलक करके आरती उतारी।इस दौरान शिव पार्वती का मनमोहक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही मय पुलिस बल के सम्पूर्ण नगर भ्रमण में मौजूद रहे।

# इलाज करवाकर घर लौट रहे व्यक्ति की ट्रेन से गिरने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। ग्राम बरमाईन में एक दुखद घटना सामने आई है जहां इलाज करवाकर घर लौट रहे एक 42 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। उदयभान यादव उर्फ मुनई उम्र लगभग 42 वर्ष ग्वालियर से झांसी और झांसी से मऊरानीपुर की ओर ट्रेन द्वारा अपना इलाज करवाकर घर आ रहें थे जैसे ही वह मगरपुर एवं टेहरका (म०प्र०) के पास पहुंचे तो वहां किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उन्हें धक्का मार दिया गया जिससे वह ट्रेन के नीचे गिर गये और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक के भाई प्रकाश यादव द्वारा इसकी सूचना जीआरपी पुलिस एवं थाना टेहरका पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बरमाईन में छेच नदी के पास किया गया।वहीं मृतक के तीन बच्चे हैं दो पुत्री राधा की उम्र लगभग उन्नीस वर्ष व अनुराधा की उम्र लगभग 15 वर्ष एवं एक पुत्र शिबम की उम्र लगभग 17 वर्ष हैं। पिता के निधन से बच्चों एवं पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है एवं मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

### गरौठा में निकाली गई भव्य शिव बारात में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए उनका जलाभिषेक किया।इस दौरान कस्बा गरौठा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। शिव बारात का शुभारंभ कस्बा के श्री रामराजा मंदिर से डीजे एवं गाजे बाजे के साथ किया गया।इसके बाद शिव बारात प्राइमरी स्कूल, संतोषी माता मंदिर, मरई माता मंदिर, कोतवाली, सरकारी अस्पताल, कृषि मंडी, गरौठा खुर्द होते हुए सम्पूर्ण नगर में भ्रमण के पश्चात नदी उस पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची जहां विधि विधान से पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण के बाद शिव बारात का समापन हुआ। इससे पूर्व शिव बारात के दौरान नगर के सैकड़ों महिला पुरुष डीजे की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों पर थिरकते नजर आये।नगर में जगह - जगह पुष्प वर्षा करते हुए शिव बारात का स्वागत किया गया एवं समाजसेवियों द्वारा बारात में शामिल भक्तों को शरबत , मिष्ठान व फल आदि का प्रसाद वितरित कराया गया।शिव बारात में शामिल भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों की जगह - जगह नगर वासियो ने तिलक करके आरती उतारी।इस दौरान शिव पार्वती का मनमोहक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही मय पुलिस बल के सम्पूर्ण नगर भ्रमण में मौजूद रहे।

# छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध करने पर नदी में धकेला

## युवक ने मोबाइल तोड़ा और मारपीट की आरोपी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार




अमेठी में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बाजारशुकुल थाना क्षेत्र में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रही छात्रा के साथ बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की। छात्रा के विरोध करने पर उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया और मारपीट की।घटना सोमवार की है, ।जब छात्रा स्कूटी से परीक्षा देने जा रही थी। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां जब आरोपी के घर शिकायत करने गईं, तो इससे नाराज होकर युवक ने अगले दिन छात्रा के साथ और भी ज्यादा गंभीर अपराध किया।

मंगलवार को आरोपी स्वामीनाथ यादव छात्रा के घर पहुंचा। उसे अकेला पाकर घसीटते हुए गोमती नदी के पास ले गया। वहां उसने छात्रा को नदी में धक्का देकर जान से मारने की कोशिश की। छात्रा की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। आरोपी मौके से फरार हो गया।

### मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है

पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की कोशिश समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सीओ अतुल कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। एसओ दयाशंकर मिश्र के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, तीन कांवरियों सहित पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत बीती रात को कांवर लेकर 10 युवक भगवान भोलेनाथ के मंदिर जा रहे थे तभी रास्ते में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कांवरियों पर टक्कर मारते हुए एक पेड़ से टकराकर खंदक में पलट गया। घटना के बाद हड़ कंप मच गया। दुर्घटना में तीन कांवरिया तथा ट्रैक्टर में सवा दो मजदूर गंभीर घायल हो गए जबकि ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। घायलों में एक कांवरिया को कानपुर के चंद्रभाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के मिलकिन खेड़ा गांव से 10 कांवरिया पैदल मंगलवार की रात को गंगाजल लेकर ललौली थाना क्षेत्र के थवईश्वर मंदिर जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत जोनिहा कस्बे के निकट ललौली मार्ग में भट्टे का तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर कांवरियों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़े एक पेड़ में टकराकर ट्रॉली सहित खंदक में जा पलटा। दुर्घटना में तीन कांवरिया वीरू उम्र 18 वर्ष पुत्र मोहनलाल निवासी मिलकन खेड़ा कोतवाली बिंदकी, लव कुश उम्र 18 वर्ष पुत्र कामता निवासी मिलकिन खेड़ा कोतवाली बिंदकी तथा मोनू उम्र 15 वर्ष पुत्र गोविंद निवासी ग्राम सेलावन कोतवाली बिंदकी घायल हो गए।इसी दुर्घटना में ट्रैक्टर में सवार ईंट भट्ठा मजदूर राहुल उम्र 24 वर्ष पुत्र राजाराम तथा आसाराम उम्र 19 वर्ष पुत्र भूपति आदिवासी दोनों निवासी छतरपुर मध्य प्रदेश भी घायल हो गए।बताया जाता है कि ट्रैक्टर में सवार दोनों युवक एक ईट भट्ठा में काम करते हैं और ट्रैक्टर ट्राली से ईट उतार कर वापस ईट भट्ट ललौली थाना क्षेत्र के शिवरी गांव स्थित सोना ब्रिक फील्ड जा रहे थे । दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया ।दुर्घटना में 05 लोग घायल हुए । जिस समय दुर्घटना हुई उस समय 10 कांवरिया पैदल जा रहे थे। दुर्घटना में कांवरिया भी चपेट में आ सकते थे लेकिन बाकी 7 कांवरिया बाल बाल बचे। चिकित्सक ने तीन कांवरियों तथा दो ईद भट्ठा मजदूरों सहित पांचो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया।

# सौंखर से निकली शिव बारात पहुंची मनासर बाबा, शिव मंदिर में हुआ भव्य स्वागत

### सदर विधायक ब्लॉक प्रमुख हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। युवा मंडल सौंखर की अगुवाई में गाजेबाजे के साथ नयनाभिराम झांकियों संग शिव बारात निकालकर मनासर बाबा शिव मंदिर पहुंची। यहां पर मंदिर के महंत ने बारात की अगुवानी की। इस मौके पर सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मौजूद रहे। बारात देखने के लिए आसपास के गांवों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं भोर होते ही मनासर बाबा शिव मंदिर में भक्तों का दर्शन पूजन के लिए तांता लगा रहा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा मंडल सौंखर के नेतृत्व में शिव बारात का शुभारंभ ग्राम सचिवालय से हुआ। सौंखर में भ्रमण के उपरांत बारात मनासर बाबा शिव मंदिर के लिए रवाना हुई। बारात के मंदिर में पहुंचने पर आश्रम के महंत स्वामी द्वारिका दास महाराज ने शिव पार्वती की आरती उतारकर स्वागत किया। इस मौके पर सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, प्रधान कप्तान सिंह यादव, श्यामबाबू कुशवाहा, राममनोहर साहू, कमलेश बाबा, मुन्नालाल प्रजापति, अरविंद प्रजापति, सभाजीत कुशवाहा आदि मौजूद रहे। बारात में शिव पार्वती, राधा कृष्ण आदि की नयनाभिराम झांकियां शामिल की गई थी। शिव बारात देखने के लिए सौंखर के अलावा नजरपुर, नरायनपुर, कारीमाटी, सिमनौडी, देवगांव, कुंडौरा, सुमेरपुर से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं भोर होते ही मनासर बाबा शिव मंदिर में पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शिव भक्तों ने भोलेनाथ का दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक करके भांग, धतूरा, विल्व पत्र, बेल, बेर आदि का भोग लगाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर यहां मेला भी लगा हुआ है। मनासर बाबा सेवा समिति की ओर से दिनभर खीर के प्रसाद का वितरण कराया गया। शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

# सात दिन रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक बंद रहेगी बांदा मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 की ध्वस्त सड़क की मरम्मत के लिए बुधवार रात नौ बजे से पांच मार्च को सुबह पांच बजे तक रेलवे गेट रात में बंद रहेगा। इसकी सूचना सीनियर सेक्सन इंजीनियर घाटमपुर ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष आदि को पत्र भेजकर दी है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलवे पथ घाटमपुर के हरिशंकर साहू ने बताया कि बांदा मार्ग में मरम्मत कार्य होने के कारण 26 फरवरी की रात 9 बजे से सुबह 5 बजे के मध्य सात दिन 5 मार्च तक गेट संख्या 31 प्रतिदिन बंद रहेगा। सेक्शन इंजीनियर ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, चौकी आरपीएफ घाटमपुर, थानाध्यक्ष, स्टेशन मास्टर आदि को पत्र भेजकर अवगत कराया है। सेक्शन इंजीनियर ने रात के समय सभी अधिकारियों से यातायात बंद कराने के लिए सहयोग मांगा है। बता दें कि बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 में रेलवे ट्रैक के अंदर व बाहर बनी सड़क बुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। भारी भरकम गड्ढे होने से आए दिन भारी वाहन फंसते हैं। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर छपने के बाद हरकत में आया रेलवे प्रशासन सड़क की मरम्मत शुरू करा रहा है। मरम्मत के कारण सात दिन तक रात में रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। दिन में इसको आवागमन के लिए खुला रखा जाएगा।

# सदर विधायक ने भागीरथ भवन में किया रुद्राभिषेक



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सदर विधायक ने महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे के बांकी मार्ग स्थित भागीरथ भवन में रुद्राभिषेक करके प्रसाद वितरण कराया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, किशन व्यास, प्रधान उदयभान यादव, शिवशरण प्रजापति, अरुण वर्मा, कमलेश प्रजापति, रामलखन प्रजापति, बिहारीलाल प्रजापति आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# आगे खिसकी 'द डिप्लोमैट' की रिलीज डेट...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह बढ़ गया, लेकिन अब उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि 'द डिप्लोमैट' अब तय समय पर रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। अब यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

लाइफ Style

# सामंथा
## लव लाइफ को रखेंगी प्राइवेट

सामंथा रुथ प्रभु ने तकरीबन एक साल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा कदम रखा है। वह मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही थीं। 'सिटाडेल' फिल्म की एक्ट्रेस ने फिल्म में लौटने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया है कि यह उनका पहला प्यार है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने एक इंटरव्यू में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात ही है। उन्होंने बताया है कि वह जल्द ही 'बंगाराम' फिल्म से बतौर फिल्म निर्माता डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने बताया है कि 'रक्त ब्रह्मांड' सीरीज को भी प्रोड्यूज करने वाली हैं। यह सीरीज अभी प्रोडक्शन फेज में है। सामंथा रुथ प्रभु ने बताया 'मुझे जल्द ही रक्त ब्रह्मांड को खत्म करके दूसरी फिल्मों का काम पूरा करना है, जो अगले महीने में रिलीज होने वाली हैं। एक या दो महीने में बहुत काम हैं जो खत्म करने हैं।' उन्होंने फिल्मों को लेकर अपने प्यार के बारे में बताया है। मुझे लगता है कि फिल्मों से मेरी दूरी अब खत्म हो चुकी। यह मेरा पहला प्यार है। सामांथा रुथ प्रभु को पिछली बार 'सिटाडेल; हनी बनी' में वरूण धवन के साथ देखा गया था। फिल्म का निर्देशन राज डीके ने किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने इंटरव्यू में बताया है कि अपनी लव लाइफ को बहुत प्राइवेट रखेंगी। उन्होंने कहा कि 'सामांथा सिंगल हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा अपनी लव लाइफ के बारे में किसी से बात करूंगी। ये मेरी जिंदगी का हिस्सा है, मैंने इसे बहुत ही निजी रखने के बारे में सोचा है। मैं इसके बारे में दोबारा बात नहीं करूंगी।'



हॉलीवुड मसाला



# अब भारत में धूम मचाने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** 'द बूटलिस्ट' अब भारत में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ब्रैडी कॉर्बेट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एड्रियन ब्रॉडी, फेलिसिटी जोन्स, गाइ पीयर्स, जो अल्विन, राफे कैसिडी, स्टेसी मार्टिन, इसाक डी बैंकोले और एलेसेंड्रो निवोला जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। कहानी लास्जलो टोथ (एड्रियन ब्रॉडी) की है, जो एक दूरदर्शी वास्तुकार है, जो युद्ध के बाद के यूरोप से भाग जाता है और अपने जीवन, अपने काम और अपनी पत्नी एर्जबेट (फेलिसिटी जोन्स) के साथ अपने विवाह को फिर से बनाने के लिए अमेरिका आता है।



# ऑस्कर में परफॉर्म करेंगी एरियाना ग्रांडे

**लॉस एंजिल्स।** 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा।



# हनी सिंह ने मेरा करा दिया कमबैक...

**नई दिल्ली।** हाल ही में सिंगर, रैपर हनी सिंह ने अपना एक नया गाना रिलीज किया है, इस गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं। हनी के गाने में ईशा के डांस की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने भी इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। पैपराजी से बात करते हुए एक्ट्रेस ईशा ने हनी सिंह की तारीफ की है। वह मानती हैं कि हनी के गाने में तहलका मचाया हुआ है। अचानक एक पैपराजी ईशा को कहता है कि आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि, हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। हनी सिंह और ईशा गुप्ता वाले जिस गाने की चर्चा इन दिनों सोशल मीडिया पर हो रही है, उसकी खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया है।



# 37 साल बाद तलाक लेंगे गोविंदा-सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने कथित तौर पर अलग होने का फैसला किया है। इन दोनों ने यह फैसला शादी के 37 साल बाद लिया है। गोविंदा और सुनीता आहूजा अक्सर एक साथ कई शोज में साथ नजर आते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड का यह कपल बीते कुछ वक्त से एक-दूसरे से अलग रह रहा है। कथित तौर पर बताया जा रहा है कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की अलग-अलग लाइफ स्टाइल ने उनके बीच दूरियां पैदा कर दी हैं। गोविंदा और सुनीता आहूजा पिछले कुछ समय से अलग रह रहा है। अभी तक, न तो गोविंदा और न ही सुनीता आहूजा ने तलाक की अफवाहों पर कोई आधिकारिक बयान दिया है। बॉलीवुड नाउ के मुताबिक, गोविंदा का एक मराठी एक्ट्रेस के साथ कथित संबंध तलाक का कारण बना है।

टीवी मसाला



# एआई के गलत इस्तेमाल से परेशान हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लेटेस्ट एपिसोड में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने एआई पर बात की। अमिताभ ने 'केबीसी 16' के कंटेस्टेंट प्रियांशु से कहा, "मेरा अभी तक एआई के साथ जो परिचय हुआ है, वो गलत ही हुआ है। लोग मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर न जाने क्या-क्या बना देते हैं और लिपसिंक कर देते हैं। फिर आम जनता को लगता है कि ये असल में मैं हूं।' बिग बी यहीं नहीं रुके। उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया। बिग बी ने आगे कहा, एक बार, अफ्रीका से मेरे एक प्रशंसक ने मुझे एक तस्वीर भेजी। बता दूं, मैं उनसे आज तक कभी नहीं मिला। उन्होंने जो तस्वीर भेजी उस तस्वीर में मैं कहीं बैठकर कंप्यूटर पर टाइप कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम्हें यह तस्वीर कहां से मिली। उसने कहा कि वह मेरा गाना सुन रहा था और एआई की मदद से ये तस्वीर बना रहा था। वो तस्वीर बिल्कुल रियल लग रही थी। क्या यह संभव है? इस पर प्रियांशु कहते हैं, 'हां! आजकल डीपफेक की मदद से ये हो रहा है। प्रियांशु ने बिग बी को बताया कि वह आईआईटी में हैं। उन्होंने कहा, एक बार मैंने सोचा था कि डीपफेक का कोर्स करूं, लेकिन इसका सिलेबस देखने के बाद मैंने हाथ जोड़ लिए। बता दें, प्रियांशु 25 लाख रुपए के सवाल तक पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता था। ऐसे में उन्होंने क्विट कर दिया और 12,50,000 रुपए लेकर चले गए।

## फराह ने उड़ाया गौरव की बीमारी का मजाक

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो के स्टार गौरव खन्ना इन दिनों शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया में नजर आ रहे हैं जहां वह खूब कुकिंग भी करते हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान नजर आती हैं। गौरव को कलर ब्लाइंडनेस की दिक्कत है और वह पहले एक इंटरव्यू में कई साल पहले बता चुके हैं। अब हाल ही में शो के दौरान फराह, गौरव को कुछ ऐसा बोल देती हैं कि सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और उन्हें काफी इंसेसिटिव बता रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक एपिसोड के दौरान सभी सेलेब्स को फराह का फेमस रोस्ट चिकन बनाने को बोला जाता है। सभी को फराह का रोस्ट चिकन टेस्ट करने को कहा गया, लेकिन क्योंकि गौरव वेजिटेरियन हैं तो वह टेस्ट नहीं करते और दूसरों से फ्लेवर के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वह डिश बना देते हैं, लेकिन प्रेजेंटेशन में उन्हें दिक्कत आती है।



# 'पठान' के सीक्वल में शाहरुख-दीपिका

तपन बक्सी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी! 2023 में आई हाई-वोल्टेज स्पाई एक्शन एडवेंचर फिल्म 'पठान' से शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में जबरदस्त वापसी की थी। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अब उसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल लेकर आ रही है यशराज फिल्म्स। 'पठान 2' की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूरा हो चुका है और फिलहाल डायलॉग्स को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खबर यह है कि इस साल ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तारीख तय हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली इस फिल्म के मुख्य कलाकार इसके सीक्वल में भी बने रहेंगे। यानी हमें फिर से पठान के रूप में शाहरुख खान, रुबीना के रूप में दीपिका पादुकोण,और कर्नल सुनील लूथरा के किरदार में आशुतोष राणा नजर आएंगे। स्क्रिप्ट राइटर अब्बास टायरवाला ने बताया चूंकि 'पठान' की तरह 'पठान 2' में भी तालियों और सीटी बजाने लायक डायलॉग्स होंगे, इसलिए उन्हें और बेहतर बनाने का काम चल रहा है ताकि दर्शकों पर जबरदस्त असर पड़े। हिंदी सिनेमा के दर्शकों को याद होगा कि 2023 में रिलीज हुई शाहरुख और दीपिका की फिल्म "पठान" ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक नया इतिहास रचा था। इस समय शाहरुख खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में "किंग" फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म 2026 के मध्य में रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स में पहले भी कैटरीना कैफ को जोया के रूप में टाइगर फ्रेंचाइजी में दोहराया गया था। इस सीरीज की एक था टाइगर , टाइगर जिंदा है और अन्य फिल्मों ने शानदार सफलता हासिल की।



# 'शिवाय' से लेकर 'ब्रह्मास्त्र' तक भगवान शिव को समर्पित हैं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** आज (26 फरवरी) को देशभर में महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। इस खास मौके पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भगवान शिव को समर्पित हैं।

**शिवाय :** शिवाय फिल्म में अजय देवगन ने एक माउंटेनियर का रोल निभाया था, जिसका नाम शिवाय होता है। फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के चरित्र को दिखाने को कोशिश की थी। दिलचस्प बात ये है कि अजय देवगन ने अपनी सीने में भगवान शिव का टैटू भी बनवाया है।








**केदारनाथ :** सारा अली खान और सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म केदारनाथ को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। इस मूवी की कहानी पूरी तरह से केदारनाथ मंदिर के ईर्द गिर्द घूमती हैं, जहां पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है।

**बाहुबली :** एसएस राजामौली की 'बाहुबली' का सीन एक सीन तो याद होगा, जिसमें प्रभास भारी-भरकम शिवलिंग को उठाकर अपने कंधे पर उठा लेते हैं और फिर उसे झरने के नीचे रख देते हैं। ये बाहुबली फिल्म का सबसे पॉपुलर सीन है।

**सैटेलाइट शंकर :** सूरज पंचोली की फिल्म सैटेलाइट शंकर भी काफी चर्चा में रही। ये मूवी भी भगवान शिव से कनेक्टेड है। इसकी कहानी भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ बयां करती है।

**ब्रह्मास्त्र :** अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर ने शिवा का किरदार निभाया था, जिसके कुछ खास शक्तियां हैं। इस फिल्म का लोगो साल 2019 में महाशिवरात्रि के मौके पर प्रयागराज के कुंभ मेले से लॉन्च किया गया था।

## जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित गीत हैं अनंत

# महाशिवरात्रि : जय-जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...

*मुंबई। हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित अनंत गीत हैं। शिवरात्रि मतलब भगवान शिव! जो एक साथ सृजनकर्ता और विध्वंसकर्ता दोनों हैं। शिव मतलब महादेव, मतलब त्रिनेत्र, त्रिलोकी, मतलब नृत्य, मतलब तांडव। तांडव मतलब सब नष्ट-भ्रष्ट कर देने को उद्धत। मतलब जो जीर्ण-शीर्ण को नष्ट कर नए के लिए स्थान बनाए और लास्य करे। शिव मतलब रहस्य! जिसे समझना आसान नहीं है, पर जिसकी आराधना की जाती है, पूजा की जाती है। जब भारत में बनी फिल्मों की बात आती है तो भला हम शिव को कैसे भूल सकते हैं? और जब शिव और उनसे जुड़ी बातों की चर्चा फिल्म में होती है, तो बनारस यानी काशी अनायास चली आती है। चाहे सत्यजित राय हों अथवा ऋतुपर्ण घोष, बनारस के आकर्षण से बच नहीं पाते हैं। लेकिन, जब सिने-गीतों में शिव और शिव से जुड़ी फिल्मों-गीतों की बात आती है, तो कान में सबसे पहले गूंजने लगता है, 'ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' और आंख के सामने 2009 में बनी तमिल फिल्म 'नान कडावुल' (अहम ब्रह्मास्मि) का नायक आर्या और उसका शक्तिशाली अभिनय और नृत्य घूमने लगता है।*

### तमिल फिल्म 'नान कडावुल' और काशी

फिल्म के निर्देशक हैं, प्रसिद्ध बाला, उन्होंने इसे जगमोहन के तमिल उपन्यास 'एषामउलगम' (सातवीं दुनिया) पर आधारित किया है। जगमोहन ने ही 'नान कडावुल' के संवाद लिखे हैं। हिन्दी संवाद स्वरूप श्रीनिवास ने तैयार किए हैं। मगर दाद देनी होगी नायक और कोरियोग्राफर (जिसका नाम मुझे मिला नहीं) की। इस फिल्म में जब रुद्रन का पिता उसे काशी में छोड़ कर चला जाता है, तो वह अघोरी के रूप में बड़ा होता है। मगर जब परिवार उसे वापस लाता है तो उसके लिए सांसारिक जीवन में एडजस्ट होना कठिन होता है। पूरी फिल्म में 7 गाने हैं जिनका संगीत दक्षिण के प्रसिद्ध संगीतकार इलैईराजा ने दिया है। ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' गीत विजय प्रकाश और वाली ने लिखा है। सिनेमाटोग्राफ़र हैं, आर्दर ए. विल्सन। विभिन्न 9 पुरस्कारों से सजी यह फिल्म देखनी बनती है।



### मलयालम की फिल्म सोलो

यदि शिव से जुड़ी फिल्म देखनी है तो मलयालम के प्रसिद्ध और खूबसूरत अभिनेता दुल्खर सुल्तान तथा निर्देशक बिजय नम्बियार की फिल्म 'सोलो' देखें। फिल्म एक एंथॉलॉजी है जो चार भिन्न लोगों की कहानी कहती है। चारों में नायक दुल्खर सलमान ही हैं। कहानी चार विभिन्न तत्वों: क्षिति, जल, पावक, समीर के इर्द-गिर्द घूमती है। स्क्रीनप्ले भी विजय नम्बियार का है तथा संवाद कार्तिक आर. अय्यर के हैं। और सिनेमाटोग्राफ़र हैं सेजल शाह, मधु नीलकंठन तथा गिरीश गंगाधरन।



### शिव के इर्द-गिर्द हिन्दी सिनेमा

हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। शिव की बात हो और भांग न घुटे यह कैसे हो सकता है, सो यहां फिल्म 'आपकी कसम' में एक जमाने के सर्वप्रिय अभिनेता राजेश खन्ना और फिल्म की नायिका मुमताज ने भांग चढ़ा ली है। खूबसूरत हिमालय और उसकी वादी में फिल्माया गया यह गीत खूब चला और आज भी बराबर सुनाई देता है। 1974 में बनी यह फिल्म निर्देशक जे. ओम प्रकाश की पहली फिल्म थी। इसमें राजेश खन्ना, मुमताज के अलावा संजीव कुमार, रहमान, असरानी तथा ए. के. हंगलने भी काम किया है। संगीत आर. डी. बर्मन का है और उन्हें इस फिल्म केलिए फिल्मफेयर नामांकन मिला था। गीतकार आनंद बख्शी का रचा यह गीत उस साल बिनाका गीतमाला की वार्षिक सूची में दूसरे नंबर पर रहा।

### शोले फिल्म की यादें आज भी ताजा

शोले फिल्म के संवादों ने एक नया इतिहास कायम किया। इससे पहले फिल्म के संवाद के कैसेट शायद ही बिके, शायद ही खरीदे और बजाए जाते थे। एक-एक संवाद लोगों को जबानी याद हो गया था। अब जब संवादों की बात हो रही है तो भुलक्कड़, चुलबुली हेमामालिनी यानि बसंती का वो डॉयलॉग याद करें जब उसे मंदिर जाना था लेकिन डाकिए का चश्मा देने वह इमाम साहब के यहां चली आती है और थोड़ी बकबक करने के बाद उसे मंदिर की याद आती है। तांगेवाली पूजा की थाली लिए मंदिर पहुंचती है। वह मौसी के कहे पर सोमवार के सोमवार शिवजी के मंदिर में माथा टेकने पहुंचती है, ताकि ऐसा पति मिले कि दुनिया जले। मगर उसके नंदी (शिव की सवारी) को माथा टेकने से पहले धर्मेंद्र विशाल शिव मूर्ति के पीछे पहुंच कर शिवजी के रूप में कन्या को संबोधित कर बताता है कि उसके होने वाले पति का नाम वीरू है।

